✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पूर्णिया के चुनापुर सैन्य हवाई अड्डे पर पीएम नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते सीएम नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 111 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 16 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को दी 40 हजार करोड़ की सौगात, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# बिहार को राजद-कांग्रेस से खतरा : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे पर पूर्णिया पहुंचे। पीएम ने यहां आने के बाद 40 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने 25 हजार करोड़ से भागलपुर के पीरपैंती में बनने वाले थर्मल पावर प्रोजेक्ट, 6282 करोड़ की कोसी मेची लिंक परियोजना, विक्रमशिला-कटारिया रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास किया। वहीं पूर्णिया में सेक्स-सॉर्टेड सीमेन उत्पादन केंद्र एवं अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) नई रेल लाइन का उद्घाटन करने के साथ 603 करोड़ बने घरों में 40,920 लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने जोगबनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, सहारसा-छेहरटा (अमृतसर), जोगबनी-ईरोड एवं जोगबनी-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना



किया। बाद में एसएसबी ग्राउंड में प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा जो मेरे पहले यहां के चक्कर काटकर गए, उन्हें मखाना का नाम भी नहीं पता होगा। उन्होंने कहा कि बिहार की प्रगति और गति कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। कांग्रेस और राजद वालों को यह पच नहीं रहा है। बिहार जब भी आगे बढ़ता है, ये लोग बिहार का अपमान करने में जुट जाते हैं। ये लोग बिहार की तुलना बीड़ी से कर रहे हैं। इन लोगों को बिहार से नफरत है। इन लोगों ने बिहार को बदनाम करने की ठान ली है। ये सिर्फ अपनी तिजोरी भरने वाले लोग हैं। कांग्रेस और राजद से न सिर्फ बिहार के सम्मान को खतरा है बल्कि पहचान को भी खतरा है। वोट बैंक का स्वार्थ है कि कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। ये बिहार के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और राजद बीते दो दशकों से सत्ता से बाहर है। इसमें अहम भूमिका बिहार की माताओं-बहनों की है। राजद के राज में हत्या, बलात्कार होते थे। हमारी सरकार में वही महिलाएं लखपति दीदी और ड्रोन (शेष पृष्ठ 10 पर)

## भागलपुर को मिली ऊर्जा व रेलवे की दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भागलपुर जिले के लोगों को ऊर्जा और रेलवे की दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जिले के पीरपैंती में निजी क्षेत्र के 2400 मेगावाट क्षमता वाले अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना और कटरिया- विक्रमशिला रेल पुल सह मार्ग का शिलान्यस किया। इस मौके पर पीरपैंती में आयोजित शिलान्यास समारोह में भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, क्षेत्रीय विधायक ललन कुमार, पवन कुमार यादव, राज्य के ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार, भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदयकांत, अडानी पावर लिमिटेड के सीइओ नरेश गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दिलीप मिश्रा सहित कई वरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। राज्य के ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना बिहार में निजी क्षेत्र में सबसे बड़ी निवेश का प्रतीक है और पूर्वी भारत में एकमात्र विद्युत संयंत्र है। राज्य सरकार एवं अडानी पावर लिमिटेड के बीच हुए एकरारनामे के अनुसार इस परियोजना के निर्माण पर लगभग 29 हजार करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि पीरपैंती परियोजना में 800 मेगावाट की तीन अलग-अलग इकाईयां स्थापित होगी। वहीं रिकार्ड समय में इसकी एक इकाई वर्ष 2028 के पहले चालू हो जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस परियोजना की स्थापना से पीरपैंती एवं आसपास के क्षेत्रों में कई उद्योग-धंधे लगेंगे और यहां आर्थिक उन्नति बढ़ेगी। साथ ही रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने से यहां पलायन पर रोक लगेगी। इस तरह से यह परियोजना बिहार प्रदेश के लिए एक उत्प्रेरक का रुप लेगा। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने बताया कि कटारिया-विक्रमशिला नई रेल मार्ग के बनने से झारखंड एवं पूर्वी बिहार का संपर्क उत्तरी बिहार से सीधे तौर पर बन जाएगा और दोनों ओर की एक बड़ी आबादी को रेल की सुविधा उपलब्ध होगी। कुल मिलाकर दोनों बड़ी परियोजनाओं की स्थापना से समूचे भागलपुर जिले का चतुर्दिक विकास होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना पुलिस ने पश्चिमी इलाके के दो टॉप 10 अपराधियों को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। यहां से भागने के बाद दोनों महाराष्ट्र में छिपे थे और ट्रक ड्राइविंग का काम कर रहे थे। दोनों पकड़े गए आरोपियों का नाम राजू कुमार और रितेश कुमार है। इनपर हत्या, डकैती, आर्म्स एक्ट, लुट, छिनतई समेत 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पटना पश्चिमी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों इनामी अपराधी थे।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के मोहनिया में सोमवार सुबह भभुआ रोड रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर दूर डीएफसीसी लाइन पर एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतका की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के चौरसिया वार्ड नंबर 1 निवासी बदामी देवी के रूप में हुई है। बदामी देवी जीतिया पर्व के लिए अन्य महिलाओं के साथ वाराणसी गई थीं। सोमवार सुबह वापस लौटने पर भभुआ रोड स्टेशन पर उतरीं। रेलवे ट्रैक पार करते समय किसी ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### भारत-नेपाल सीमा पर 101 किलो गांजा बरामद

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एसएसबी 44वीं बटालियन भतुजला के जवानों ने बड़ी सफलता हासिल की है। जवानों ने पिलर संख्या 433 के समीप से 101 किलो गांजा बरामद किया। कार्रवाई के दौरान जवानों को देखते ही तस्कर बोरे छोड़कर फरार हो गए। बरामद गांजा को एसएसबी ने सहोदरा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। सहोदरा थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गांजा की जब्ती सूची तैयार कर ली गई है। मामले की जांच शुरू करने के साथ फरार तस्करों की पहचान की जा रही है।

### फतुहा के पास दो हिस्सों में बंटी श्रमजीवी एक्सप्रेस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर रेल मंडल अंतर्गत पटना-बख्तियारपुर रेलखंड पर सोमवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया। नई दिल्ली से राजगीर जा रही श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन पटना के फतुहा रेलवे स्टेशन से खुलते ही अचानक दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन की कपलिंग टूटने से यह तकनीकी खराबी हुई जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा सुबह करीब 8:10 बजे तब हुआ जब श्रमजीवी एक्सप्रेस फतुहा स्टेशन से रवाना हुई ही थी। मामले की सूचना मिलते ही दानापुर रेल मंडल के अधिकारी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और ट्रेन के दोनों हिस्सों को फिर से जोड़ा गया।

# बिहार को मिल रहा केंद्र का पूरा सहयोग : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** एनडीए सरकार बनने से पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था। हमलोगों से पहले जो सरकार थी उसने कोई काम नहीं किया था। बहुत बुरा हाल था। बिहार में 24 नवंबर, 2005 को एनडीए सरकार बनने के बाद सब काम कर दिया गया है। हमलोग मिलकर बिहार का विकास कर रहे हैं। बीच में गड़बड़ हुआ था इसीलिए उनलोगों को छोड़ दिया गया। पहले हमारी पार्टी के कुछ लोग गड़बड़ कर देते थे। अब सवाल ही नहीं पैदा होता है। भाजपा और जदयू की जो सरकार बनी उसमें सब काम हुआ। हमलोग मिलकर सारा काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की राज्य सरकार ने कुछ नये निर्णय लिए हैं। वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को पहले मिलनेवाली पेंशन की राशि 400 रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1100 कर दी गई है। इसमें 1 करोड़ 13 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुंचा दी गई जिसे काफी कम पैसे में दिया गया लेकिन अब हमलोगों ने इस साल



तय कर दिया कि अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त में दी जाएगी जिसे जुलाई माह से प्रारंभ कर दिया गया है। वर्ष 2020 में हमलोगों ने तय किया था कि 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे। 10 लाख सरकारी नौकरी दे दी गई है और 10 लाख रोजगार बढ़ते-बढ़ते अब 39 लाख रोजगार हो गया है। इसको भी बढ़ाकर अब 50 लाख से भी ज्यादा करना है। अब हमलोगों ने तय कर दिया है कि आगामी 5 वर्ष में सरकारी नौकरी और रोजगार मिलाकर 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। बिहार में नये उद्योग लगाने के लिए विशेष सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र का पूरा सहयोग मिल रहा है। जुलाई, 2024 के बजट में केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की है। इसके बाद फरवरी, 2025 के बजट में बिहार के लिए मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता देने की घोषणा की गई है। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन का जिम्मा पहले 6 राज्यों को मिल चुका था लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने बिहार को यह जिम्मा दिया, जो गौरव की बात है।

## ट्रेन से कटकर बैंकों में कार्यरत दो बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौक के पास हाजीपुर-मुजफ्फरपुर डाउन लाइन पर सोमवार सुबह दो युवतियों की लाश मिली। आशंका जताई जा रही है कि दोनों की मौत ट्रेन से कटकर हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। मृतक युवतियां आपस में सगी बहनें थीं और पटना जिले के दानापुर की रहने वाली बताई गई हैं। पुलिस को मौके से उनका बैग, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नाश्ते का टिफिन मिला है। जानकारी के अनुसार बड़ी बहन स्वाति कुमारी (27 वर्ष) केनरा बैंक में पीओ के पद पर जबकि छोटी बहन सुरुचि (25 वर्ष) एसबीआई में क्लर्क के पद पर कार्यरत थीं। एक बहन केनरा बैंक की अधिकारी और दूसरी स्टेट बैंक में क्लर्क थीं। बैंक अधिकारी के पति रक्षा मंत्रालय में दिल्ली में अधिकारी हैं। उन्हीं के कॉल से महिला की पहचान हुई। पुलिस ने मोबाइल फोन से दोनों की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि दोनों बहनें रोजाना दानापुर से मुजफ्फरपुर इंटरसिटी ट्रेन से ड्यूटी करने आती-जाती थीं। घटनास्थल पर जांच के दौरान एक बहन के कान में इयरफोन लगा मिला। हादसे के करीब आधे घंटे बाद स्वाति के मोबाइल पर उनके पति का कॉल आया। फोन पुलिस ने रिसीव किया और इसके बाद दोनों की पहचान हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही रेल और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मिशनरी स्कूल में धर्मांतरण और दुष्कर्म का खुलासा

### जिला बाल कल्याण समिति ने कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी स्थित एक मिशनरी स्कूल इन दिनों गंभीर आरोपों के कारण सुर्खियों में है। कहा जा रहा है कि यहां शिक्षा की आड़ में धर्मांतरण कराया जाता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ एक धर्म विशेष की मान्यताओं को अपनाने के लिए मजबूर किया जाता है। इतना ही नहीं स्कूल के आवासीय परिसर में रहने वाली किशोरियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला बाल कल्याण समिति ने केंद्रीय गृह सचिव, डीएम सहित कई अधिकारियों को पत्र लिखकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिला बाल कल्याण समिति ने हाल ही में इंद्रपुरी के जेम्स इंग्लिश स्कूल का दौरा किया। जांच के दौरान पाया गया कि स्कूल परिसर में संचालित सिलाई-बुनाई केंद्र में गरीब बच्चों को पैसों का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। इस पर समिति ने उच्च स्तरीय जांच की सिफारिश की है। जांच के दौरान एक किशोरी के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज होने पर समिति की टीम स्कूल पहुंची। वहां एक किशोरी को रोता हुआ देखकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और बाद में समिति के पास लाया गया। महिला सदस्य से बातचीत में किशोरी ने खुलासा किया कि उसके साथ चार लोगों ने दुष्कर्म किया है। समिति ने तत्काल मेडिकल जांच कराई जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद पीड़िता को कैमूर स्थित बालिका गृह भेज दिया गया। बाल कल्याण समिति ने पूरे मामले की विस्तृत जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी सहित तीन नक्सली ढ़ेर

**नवीन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखंड में चल रहे नक्सल अभियान के तहत हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा के गोरहर पांतितीरी गांव में आज सोमवार की सुबह पुलिस को बहुत बड़ी सफलता हासिल हुई है। हजारीबाग पुलिस और कोबरा बटालियन के संयुक्त अभियान में एक करोड़ के इनामी सहित तीन नक्सली ढेर हो गये हैं। भाकपा माओवादी सेंट्रल कमेटी सदस्य एक करोड़ के इनामी सहदेव महतो उर्फ प्रवेश, सैक सदस्य 25 लाख के इनामी रघुनाथ हेंब्रम उर्फ चंचल और 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर बिरसेन गंझू एनकाउंटर में मारे गये। पुलिस और नक्सलियों के बीच चली इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। इनमें अजय भौमिक 209 कोबरा बटालियन के सिपाही और सुब्रतो विश्वास कोबरा के जवान हैं। दोनों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। सुब्रतो विश्वास पश्चिम बंगाल तो अजय भौमिक असम के रहने वाले हैं। मुठभेड़ में मारा गया दूसरा नक्सली रघुनाथ हेंब्रम था, जो बिहार-झारखंड विशेष क्षेत्र समिति का सदस्य था। उस पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं तीसरा नक्सली बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन था, जो क्षेत्रीय समिति का सदस्य था। उस पर 10 लाख रुपए



का इनाम था। तीनों नक्सली लंबे समय से झारखंड और बिहार की सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय थे। तीनों कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहे थे। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एके-47 सहित कई घातक हथियार बरामद किए हैं। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से संगठन को करारा झटका लगा है। आने वाले दिनों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की पकड़ और मजबूत होगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग एसपी, गिरिडीह एसपी और अन्य वरीय अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक नक्सलियों के खात्मे की दिशा में यह एक अहम सफलता मानी जा रही है। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब 4:00 बजे गोलीबारी की आवाज सुनाई दी। ऐसा लग रहा था कि गांव में कोई हाथी आ गया है और ग्रामीण उसे भगाने के लिए पटाखे फोड़ रहे हैं। सुबह होते ही पता चला कि गांव में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई है।

## इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक के टॉपरों को मिलेगा लैपटॉप : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि राज्य भर के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के विभिन्न संकायों में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अगले वर्ष से मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार के अंतर्गत लैपटॉप दिया जाएगा। वर्तमान में इस पुरस्कार के अंतर्गत इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक दोनों कॉलेजों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः पांच, चार और तीन हजार रुपए नकद पुरस्कार के साथ ही प्रमाण पत्र और मेडल दिया जाता है। श्री सिंह ने कहा हमें पुरस्कार को केवल पांच विषयों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इसके बजाय हम इंजीनियरिंग



और पॉलिटेक्निक के सभी विषयों में राज्य स्तर पर शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को लैपटॉप देना चाहेंगे। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होगा। मंत्री सुमित कुमार सिंह छात्र और उनके अभिभावकों के एक समूह को सोमवार को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन तारामंडल परिसर में अभियंता दिवस के अवसर पर मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार 2025 के रूप में हुआ। यह पुरस्कार पांच विषयों में राज्य स्तर पर शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को दिया जाता है। भारत रत्न और प्रख्यात इंजीनियर डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित इस सम्मान समारोह में मंत्री ने कहा कि इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को विदेशी भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि इससे उनके करियर निर्माण में काफी सहयोग मिलेगा। पुरस्कार प्राप्त करने पर छात्रों को बधाई देते हुए विभागीय सचिव डॉ. प्रतिमा ने कहा कि उनका यह पुरस्कार दूसरों को कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर मंत्री सुमित कुमार सिंह और सचिव डॉ. प्रतिमा के हाथों विभागीय त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन भी हुआ।

## सीतामढ़ी, चंपारण और मधुबनी में जमीन रजिस्ट्री में बड़ा घोटाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बॉर्डर जिलों में जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। आयकर विभाग के विशेष सर्वेक्षण में पता चला है कि पांच से दस करोड़ रुपये तक की जमीन की रजिस्ट्री के हजारों सौदे हुए, लेकिन निबंधन कार्यालयों ने खरीदार और विक्रेता की जानकारी विभाग को नहीं सौंपी। सूत्रों के मुताबिक जमीन की खरीद बिक्री में अब तक करीब दो हजार करोड़ रुपये का अनरिपोर्टेड ट्रांजेक्शन पकड़ा गया है। सर्वे में यह भी खुलासा हुआ है कि रियल एस्टेट से जुड़े इन सौदों में कर चोरी ही नहीं, काले धन के इस्तेमाल का भी प्रयोग हुआ है। नियमों के मुताबिक निबंधन कार्यालय को साल के अंत में 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य की हर रजिस्ट्री की जानकारी आयकर विभाग को देना अनिवार्य है, लेकिन पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मधुबनी एवं सीतामढ़ी के निबंधन कार्यालय करोड़ों के सौदे भी दबा दिए गये। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि बड़ी संख्या में जमीन की खरीद-बिक्री अमान्य पैन नंबर या डुप्लीकेट पैन के आधार पर की गयी। कई मामलों में तो पैन नंबर लिया ही नहीं गया और फॉर्म-60 भी दर्ज नहीं हुआ। सर्वेक्षण में उन दस्तावेजों का भी भंडाफोड़ हुआ है जिनमें जमीन की रजिस्ट्री के समय दो लाख रुपये से अधिक की रकम सीधे नकद दी गयी। यह सीधे-सीधे कर कानून का उल्लंघन है।

# सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार को दिया रहा बढ़ावा : प्रेम कुमार

## विभाग की कोशिश कि राज्य के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 'हर थाली में बिहारी तरकारी' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में सहकारिता विभाग निरन्तर प्रयासरत है। इस लक्ष्य को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से आज ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन लि0 (वेजफेड) की ओर से प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. को सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज के एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने किया एवं मटिहानी (बेगूसराय), तेघड़ा (बेगूसराय), एकंगरसराय (नालन्दा) एवं ताजपुर (समस्तीपुर) में प्याज भंडारण हेतु



गोदाम निर्माण एवं बाढ़ (पटना), ताजपुर (समस्तीपुर), हिलसा (नालन्दा), विद्यापति (समस्तीपुर) एवं बिहियां (भोजपुर) में पीभीसीएस के आधारभूत संरचना निर्माण का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य में सब्जी उत्पादक किसानों को प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. के माध्यम से संगठित कर उन्हें न केवल उन्नत तकनीक व बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं बल्कि बाजार तक उनकी सीधी पहुंच भी सुनिश्चित की जा रही है जिससे उन्हें अपने सब्जी उत्पाद का अच्छा मूल्य भी प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में राज्य के 534 प्रखंडों में से 529 प्रखंडों में पीवीसीएस की स्थापना की जा चुकी है जिसके माध्यम से राज्य के लगभग 50 हजार से अधिक सब्जी उत्पादक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। सहकारिता विभाग विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध करा रहा है। विभाग का प्रयास है कि आने वाले समय में बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। मंत्री ने प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. को ऑर्गेनिक सब्जी उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। ऑर्गेनिक सब्जी की विदेशों में काफी मांग है, इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। वेजफेड ने पहल करते हुए राज्य की सब्जियों को विदेशों में भी निर्यात किया गया है, इस दिशा में और भी कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

मंत्री ने प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने पीवीसीएस के अध्यक्षों को अभियान चलाकर पीवीसीएस में सदस्य की संख्या बढ़ाने की अपील की। मंत्री ने नवादा के पकरीबरावां के पीवीसीएस के अध्यक्ष मनोज मांझी को पिछले 6 महीने में लगभग 2245 किसानों को पीवीसीएस में सदस्य बनाने के कार्यों की सराहना की एवं उन्हें सम्मानित किया।

# भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में हिंदी पखवारा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के सभा कक्ष में मानव संसाधन विकास विभाग ने हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता राजेश कुमार, प्रादेशिक प्रबंधक (का.औ.सं.) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश शंकर (भा.प्र.से.), मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार चुनाव प्राधिकार एवं पूर्व सचिव, राजभाषा भारत सरकार सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में शुभकामना देते हुए राजभाषा के रूप में हिंदी के इतिहास एवं इसके उत्तरोत्तर विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं वाला देश है। हमें यहां के अन्य प्रादेशिक भाषाओं के प्रेम और सम्मान के साथ हिंदी को राजभाषा के रूप में



लोकप्रिय बनना है और उचित स्थान दिलाना है। उन्होंने कहा कि मैं भी एल.आई.सी. का बीमा धारक हूं और मैंने देखा है कि एल.आई.सी. सभी पत्राचार एवं प्रपत्र या तो द्विभाषीय होते हैं या हिंदी में होते हैं जो सराहनीय है। अंत में उन्होंने कहा कि हिंदी के व्यापक प्रयोग से हम एक समृद्ध समाज और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। सभा का शुभारंभ निगम गीत, दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं गृह मंत्री और एम.डी., सी.ई.ओ. के संदेश से हुआ। राजेश कुमार, प्रादेशिक प्रबंधक (का.औ.सं.) ने अपने दैनिक जीवन के साथ-साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र में हिंदी के उपयोग के लिए आह्वान किया। सभा का संचालन रमण कुमार सिन्हा, प्रादेशिक प्रबंधक (मा. सं. वि.) ने किया। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में सैयद गुलाम सरवर, प्र.अ. (मा.स.वि.) ने अपनी कविता 'हिंदी है मेरा नाम, मैं भारत की जबां हूं' के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र -1 ने किया बॉडी एनालिसिस कैंप सह नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। एनटीपीसी के 'अह्वान' नीति के तहत पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज शास्त्री नगर स्थित अपने कार्यालय सह आवासीय परिसर में बॉडी एनालिसिस कैंप सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में 100 से अधिक लोगों ने अपने नेत्र एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जांच कराई। यह शिविर सर्व दृष्टि आई हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से आयोजित हुआ जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं सहयोगी एजेंसियों के संविदा कर्मियों की नेत्र जांच के साथ ही शारीरिक संरचना के स्वास्थ्य की भी जांच की और निदान सहित आवश्यक परामर्श




प्रदान किया। इस अवसर पर एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल ने कहा कि एनटीपीसी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आगे बताया कि पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करता रहेगा। ताकि कर्मचारी एवं उनके परिजन अपने स्वास्थ्य के प्रति और अधिक सजग रह सकें। शिविर के दौरान सुजाता लेडिज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, महाप्रबंधक ( मा. सं.) अनिल कुमार चावला, उपमहाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चन्दन, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. पी. सामंता, सर्वदृष्टि आई हॉस्पिटल, पटना के चिकित्सा-विशेषज्ञ सहित पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अदर एस्सेज ऑन इंडियन डेमोक्रेसी का अनुपम प्रकाशन का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अनुपम प्रकाशन, पटना में सांसद मनोज कुमार झा की महत्वपूर्ण पुस्तक इन प्रेज ऑफ कोएलिशन पॉलिटिक्स एंड अदर एस्सेज ऑन इंडियन डेमोक्रेसी का भव्य लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे, जिनमें अनुप कुमार (निर्देशक, अनुपम प्रकाशन) सौरव अरोड़ा, अरुण कपूर, अलोक टक्यार, सुरेन्द्र मोहन गुप्ता, प्रभात कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी और मीडिया व्यक्तित्व दिलजीत खन्ना ने भी अपने विचार साझा किए।

# विश्वकर्मा समाज को मिलेगा सम्मान : ऋतुराज सिन्हा

## एनडीए सरकार के सबका साथ सबका विकास संकल्प को दोहराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में आयोजित बढ़ई समाज संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने बढ़ई समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह समाज भारत के सामाजिक ढांचे का आधार स्तंभ है और सदियों से 'विश्वकर्मा के साक्षात अवतार' के रूप में अपने श्रम, सेवा और कौशल से देश को मजबूती प्रदान करता आ रहा है। बिहार की 8000 से अधिक पंचायतों में बढ़ई समाज की सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका है। यह



समाज अपने हुनर से न केवल पारंपरिक व्यवसाय को जीवित रखे हुए है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का 'सबका साथ, सबका विकास' और नीतीश जी की सामाजिक न्याय की नीति ने इस समाज को सम्मान, अवसर और सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल एक आर्थिक सहायता योजना नहीं है, बल्कि लोहार, बढ़ई, शिल्पकार जैसे पारंपरिक कारीगरों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ाव प्रदान करने वाली समग्र योजना है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के निर्णय को उन्होंने सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और भरोसा जताया कि बढ़ई समाज आने वाले समय में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के रूप में भी सशक्त होगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितनी बार बिहार आते हैं, बिहार को उतनी ही बड़ी सौगात मिलती है। अब तक 84,000 करोड़ रुपये योजनाएं बिहार को समर्पित की जा चुकी हैं। इस बार भी पूर्णिया में एयरपोर्ट और कनेक्टिविटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स का तोहफा बिहार को मिलने जा रहा है।

# हिंदी आत्मीयता और संस्कारों की भाषा : डॉ. लाडली




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा की महत्ता, उसकी समृद्ध परंपरा तथा भविष्य की संभावनाओं पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी को आत्मीयता और संस्कारों की भाषा बताते हुए इसके संवर्धन और प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता डॉ. शत्रुघ्न शरण सिंह ने 'हिंदी का भविष्य' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी आने वाले समय में वैश्विक परिदृश्य पर और अधिक प्रभावी स्थान बनाने में सक्षम है। उन्होंने आंकड़ों और उदाहरणों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि हिंदी साहित्य, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में निरंतर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर रही है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रवि कुमार ने प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# फिजियोथेरेपिस्ट नाम के आगे डॉक्टर का प्रयोग कर सकते हैं : इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें फिजियोथेरेपी क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मृत्युंजय कुमार ने जानकारी दी कि हाल ही में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा फिजियोथेरेपिस्टों को अपने नाम के आगे डॉ. लिखने से रोकने का आदेश जारी किया गया था। हालांकि महज 24 घंटे के भीतर, 10 सितंबर 2025 को यह आदेश वापस ले लिया गया। अब फिजियोथेरेपिस्ट अपने नाम के आगे डॉ. और नाम के बाद पीटी (फिजिकल थेरेपिस्ट) का प्रयोग कर सकते हैं। इस निर्णय की पुष्टि नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन ने भी की है। डॉ. कुमार ने बताया कि यह अधिकार पहले से ही नेशनल एलाइड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल एक्ट, 2021 के अंतर्गत फिजियोथेरेपिस्टों को दिया गया था, परंतु इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और आईपीएमआर जैसे संगठनों द्वारा इसका विरोध किया गया। इसके फलस्वरूप 9 सितंबर 2025 को संशोधन प्रस्ताव लाया गया था जिसमें डॉ. उपाधि के प्रयोग को प्रतिबंधित करने का प्रावधान रखा गया था, लेकिन फिजियोथेरेपिस्टों के संगठित विरोध एवं उचित कानूनी प्रावधानों के आधार पर डीजीएचएस ने 24 घंटे में ही अपना आदेश वापस ले लिया और पूर्व प्रावधान को बहाल कर दिया गया। प्रेस वार्ता में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. स्नेहा सुमन, डॉ. अजित कुमार, डॉ. अर्पणा आनंद सहित कई प्रमुख फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय, गार्डनरीच में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा समारोह के मुख्य अतिथि थे। महाप्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। समारोह में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक श्री नरेन्द्र, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान वित्त सलाहकार, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं- हिंदी निबंध, टिप्पण एवं प्रारुप लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दिनकर



जयंती एवं सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम प्रत्येक वर्ष अपने संवैधानिक दायित्व के रूप में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार का संकल्प लेते हैं। इसी क्रम में इस रेलवे पर 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि इन कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में सभी अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। महाप्रबंधक कक्ष में अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी का सफल संचालन बसंती टेटे, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री नरेंद्र ने किया।

# देश की अर्थव्यवस्था में मजबूत स्तम्भ है दूरसंचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय दूरसंचार सेवा संघ के बिहार चैप्टर ने अपनी सेवा का 60वां स्थापना दिवस राजधानी पटना के बापू टावर के सभागार में मनाया। इस मौके पर बीएसएनएल, बिहार सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि आज देशभर में 122 करोड़ से भी दूरसंचार उपभोक्ता हैं। देश का दूरसंचार घनत्व 86.16 प्रतिशत है। देश में ब्राडबैंड सेवा के उपभोक्ताओं की संख्या 94.4 करोड़ है और प्रतिमाह 20 हजार पीटाबाईट डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष करीब टीम लाख करोड़ रूपये के राजस्व के साथ भारतीय दूरसंचार क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तम्भ है जो देश के कुल घरेलू उत्पाद का छह प्रतिशत है। इस अवसर पर बीएसएनएल की बिहार सर्किल के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार, संचार लेखा बिहार के नियंत्रक एआई हैदरी और बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशुतोष द्विवेदी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कृषि अनुसंधान परिसर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. अशुतोष उपाध्याय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि हिन्दी पखवाड़ा का औपचारिक शुभारंभ गुजरात के गांधीनगर में भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। उन्होंने राजभाषा के महत्व को रेखांकित




करते हुए कहा कि हिन्दी न केवल प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करती है, बल्कि प्रभावी संप्रेषण एवं सांस्कृतिक एकीकरण का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक सरकारी कार्यों एवं पत्राचार में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का उपयुक्त मंच प्रदान करते हैं। निबंध प्रतियोगिता में डॉ. ए.के. चौधरी, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एन. भक्त, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ. शंकर दयाल, प्रधान वैज्ञानिक निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन हिन्दी एवं हिन्दीतर भाषी प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग किया जाएगा। विदित हो कि हिन्दी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत संस्थान में आयोजित की जाने वाली विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास के निर्देशन एवं देखरेख में आयोजित होंगी। इन कार्यक्रमों का समापन 29 सितम्बर को होगा जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. कुमारी शुभा, वैज्ञानिक एवं उमेश कुमार, हिन्दी अनुवादक के समन्वय एवं सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ।

# एचडीएफसी बैंक आयोजित करेगा मेगा ऑटो लोन मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश में मारुति सुजुकी इंडिया के सहयोग से एक दिवसीय 'मेगा ऑटो लोन मेला' शुरू करने की घोषणा की है। राज्य भर की 300 से ज्यादा शाखाएं इस एक दिवसीय पहल में भाग लेंगी। यह पहल आगामी त्योहारी सीजन की पूर्व संध्या पर आयोजित की जा रही है जिसमें ग्राहकों को मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा प्रदर्शित कार मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला पर अनूठे विशेष डील्स और ऑफर मिलेंगे। यह ऋण मेला खरीदारों को वास्तविक कार डीलरों से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया एक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा, साथ ही एचडीएफसी बैंक - एक्सप्रेस कार लोन के माध्यम से सुचारू ऋण वितरण सुनिश्चित करेगा। यह सुविधा मौजूदा और संभावित एचडीएफसी बैंक ग्राहकों, दोनों के लिए उपलब्ध है। एक्सप्रेस कार लोन प्लेटफॉर्म एक पूर्ण डिजिटल, कागज रहित और संपर्क-मुक्त प्रक्रिया प्रदान करता है जिससे डीलरों को केवल 30 मिनट में ऑटो लोन का वितरण संभव हो जाता है। एचडीएफसी बैंक एक्सप्रेस कार लोन के साथ ग्राहक बिना किसी दस्तावेज और 100 प्रतिशत डिजिटल प्रक्रिया के केवल 30 मिनट में अपनी मनपसंद कर के सपनों साकार कर सकते हैं।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र -1 मुख्यालय में हिंदी पखवारा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा 15 से 30 सितम्बर तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह का आयोजन आज क्षेत्रीय मुख्यालय के मुख्य सभागार में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) विजय गोयल ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी को अपने कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक प्रयोग करने हेतु राजभाषा-संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि एनटीपीसी केवल ऊर्जा



उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि भाषा और संस्कृति के संवर्धन के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमें बोलचाल में ही नहीं, बल्कि कार्यालयीन कार्यों, रिपोर्टों और पत्राचार में भी हिंदी का अधिक प्रयोग करना चाहिए, ताकि राजभाषा वास्तव में कार्य-व्यवहार की भाषा बन सके। इस दौरान श्री गोयल ने भारत सरकार के गृह मंत्री का हिन्दी दिवस पर जारी संदेश भी सभी कर्मचारियों के समक्ष पढ़ा। महाप्रबंधक (मा. सं.) व अपर महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) ने क्रमशः माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री एवं एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा जारी हिन्दी अपील को सभी से साझा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी कर्मचारियों के बीच हिन्दी साहित्य के कालजयी रचनाकारों की प्रसिद्ध पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

# 2035 सर्वेक्षण कर्मियों ने फिर से बहाली के लिए की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के अंतर्गत कार्यरत जिन विशेष सर्वेक्षण संविदाकर्मियों को पूर्व में हड़ताल के कारण सेवा से बर्खास्त किया गया था, उन्हें अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पुनः सेवा में लौटने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस मानवीय पहल के तहत बर्खास्त कर्मियों को अपील करने की सुविधा दी गई है। ताकि वे पुनर्बहाली के लिए आवेदन कर सकें। जिसके तहत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। विभाग के स्तर से अपील करने के लिए निर्गत ईमेल आईडी पर अब तक 2035 कर्मियों ने पुनर्बहाली के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनमें से 402 अपीलों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है जबकि शेष आवेदनों की समीक्षा प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, 3321 संविदा कर्मी पहले ही हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं जिससे विभागीय कार्यों की नियमितता बहाल होने लगी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इच्छुक संविदा कर्मी विभाग के पटना स्थित कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा निर्धारित ईमेल पते के माध्यम से ऑनलाइन भी अपनी अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के लिए नि:शुल्क जांच व चिकित्सा लाभ : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभागार में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के सिविल सर्जन तथा मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षक एवं प्राचार्य शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह विशेष अभियान 17 सितम्बर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य में इस अभियान की शुरुआत की जा रही है जिसकी औपचारिक शुरुआत राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की जानी है। अभियान के दौरान महिला स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु देखभाल, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन, निक्षय मित्र अभियान, रक्तदान शिविर आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान राज्य के सभी सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विभिन्न स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा आईजीआईएमएस, पटना में स्वास्थ्य संबंधी राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जिनसे लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन शिविरों में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को विशेष टीकाकरण के साथ-साथ स्त्री रोग, बाल रोग और अन्य बीमारियों की जांच और उपचार से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सभी महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सकीय जांच और स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। रक्तचाप और मधुमेह जैसे गैर संचारी रोगों की जांच की जाएगी। साथ ही इएनटी, दंत एवं नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध होगी और जरूरतमंदों को चश्मा भी दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच और टीकाकरण की व्यवस्था रहेगी।

C M Y K

# सीएम हेमंत ने जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ आज सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की। रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक एवं स्थानीय स्वशासन व्यवस्था के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत्त शक्तियों, अधिकारों और कार्यों से संबंधित पेसा नियमावली के विभिन्न



उपबंधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पेसा कानून के तहत किए गए उपबंधों का क्रियान्वयन इस तरह हो, जिससे राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में स्थानीय स्वशासन की परंपरा को मजबूती मिलने के साथ जनजातीय समुदायों का आर्थिक-सामाजिक उत्थान और सशक्तीकरण हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमआर मीणा, विधि विभाग के प्रधान सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव मनोज कुमार, सचिव चंद्रशेखर, सचिव अरवा राजकमल, सचिव मनोज कुमार, पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी, खान निदेशक राहुल सिन्हा, महाधिवक्ता राजीव रंजन, पीसीसीएफ अशोक कुमार, वन संरक्षक पीआर नायडू, डीएफओ दिलीप कुमार, विशेष सचिव प्रदीप कुमार हजारी और संयुक्त सचिव रवि शंकर विद्यार्थी इस बैठक में मौजूद थे।

# विकास मित्रों को मिलेगा दुर्घटना बीमा का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे विकास मित्रों को खास सुविधा राज्य सरकार ने प्रदान की है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत बिहार महादलित विकास मिशन और दो प्रमुख बैंकों के साथ एक खास एकरारनामा (एमओयू) हुआ है। यह तय किया गया है कि राज्य के सभी विकास मित्रों का खाता कॉरपोरेट पैकेज योजना से जोड़ते हुए सभी विकास मित्रों के बैंक खातों को संबंधित बैंकों से जोड़ा गया है। इससे विकास मित्रों और उनके परिजनों को किसी भी आपदा के समय सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा। मुख्य सचिवालय के विस्तारीकरण भवन स्थित अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के साभागार में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के अधिकारियों के साथ एकरारनामा पर हत्साक्षर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभागीय मंत्री जनक राम ने कहा कि विकास मित्रों के साथ ही उनके बच्चों के जीवन के लिए दोनों बैंकों से यह एकरारनामा सुनहरा अवसर है। अवसर देने का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। उन्होंने कहा कि बिहार महादलित विकास मिशन 2007 से निरंतर काम कर रहा है। मुझे बताकर खुशी हो रही है कि करीब डेढ़ साल पहले अनुसूचित जाति, जनजाति विभाग की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आई। इसके बाद कई संगठनात्मक काम किए गए। मंत्री ने कहा कि मैं विकास मित्रों से सीधे संवाद करता हूं। इनके सहारे सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस काम में सफलता भी मिली है।

## बिहार में 89 आईटीआई को सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के रूप में किया जा रहा विकसित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में 69 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने के लिए भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। भवन निर्माण विभाग के लोक उपक्रम बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा राज्यभर में सात निश्चय पार्ट 2 के तहत 89 आईटीआई को सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन संस्थानों में युवाओं को आधुनिक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। पटना, भोजपुर, बक्सर, नालंदा, रोहतास, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, पूर्णिया, अररिया सहित राज्य के विभिन्न जिलों में ये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं।

# लूट सहित अन्य मामलों में 45 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 45 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 32 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 11, लूटकांड में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 19 एवं अन्य शीर्ष कांड में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 665 वाहनों की जांच कर उनसे बतौर जुर्माना 23 हजार रूपये वसूला गया है। साथ ही एक ट्रैक्टर, 3 बाइक, 100 सीएफटी बालू, 90 लीटर देसी एवं 8.8 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की मानें तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद-फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

## स्पर्शाघात से महिला की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के सलैया थाना अंतर्गत रुनिया गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान उस गांव निवासी उदल राम की 30 वर्षीया पत्नी शोभा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने घर से कुछ दूर आहर पर रोज की तरह गाय बांध-ने गई थी। वहां पिंड पर विधुत ट्रांसफर्मर लगा हुआ है। इस दौरान वह ट्रांसफर्मर के अर्थिंग की संपर्क में आ गई और बेहोश होकर मौके पर गिर पड़ी। घटनास्थल के समीप मछली पकड़ रहे बच्चों ने देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर ले गए जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सोन नदी में डूबे युवतियों के परिजनों को मिला मुआवजा का चेक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के धुंधुआ के समीप रविवार को सोन नदी में डूबने से दो युवतियों की मौत के बाद आज पीड़ित परिजनों को मुआवजे के रूप में चार-चार लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। विदित हो कि जिउतिया पर्व पर धुंधुआ गांव निवासी बीरेंद्र चौधरी की 20 वर्षीय पुत्री मुन्नी कुमारी एवं बजरंगी चौधरी की 19 वर्षीय पुत्री संगीता कुमारी कुछ बच्चों के साथ स्नान के लिए सोन दियारा में गई थी। स्नान के दौरान गांव का एक बच्चा अचानक नदी में डूबने लगा। बचाने के लिए मुन्नी और संगीता ने नदी में छलांग लगा दी। हालांकि, डूब रहे बच्चे को तो किसी तरह दोनों ने बचा लिया लेकिन मुन्नी और संगीत सोन नदी में गहरे पानी में चली गयी जिससे दोनों की मौत हो गई। आज नवीनगर की अंचलाधिकारी निकहत परवीन के द्वारा पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रूपये का चेक प्रदान किया। इस दौरान नवीनगर विधायक विजय कुमार उर्फ डब्लू सिंह मौजूद रहे।






# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभ प्राप्ति हेतु समूह से जुड़ना अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** महिलाओं को अपनी पसंद के रोजगार हेतु बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से पूरे राज्य में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन लिया जा रहा है। नोडल इकाई के रूप में जीविका द्वारा योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका महिला ग्राम संगठन के माध्यम से विभिन्न प्रपत्रों को भरवाया गया है जिसके सत्यापन के पश्चात राशि इसी महा हस्तांतरण किया जायेगा। यह योजना ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की सभी महिलाओं के लिए है। योजना के प्रचार-प्रसार हेतु महिला संवाद का योजना किया जा रहा है। जिले में लोक-ओएस पोर्टल उपलब्ध 433566 लाभार्थियों के आवेदन में 30 हजार से अधिक स्वयं सहयता समूहों से जुड़े लाभार्थियों का प्रथिमिक सत्यापन हो चुका है। जिले में लगभग 300000 आवेदनों को डिजिटलाइज्ड किया जा चुका है। शेष के लिए भी कार्य किया जा रहा है। जिला परयोजना प्रबंधक द्वारा फेशबुक लाइव के माध्यम से योजना की जानकरी दी। उन्होंने गयावासियों से अपील की गई है कि किसी अफवाह से बचें।बाजार में उपलब्ध किसी फार्म अथवा बिचौलिये से बचें। जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने फेसबुक लाइव के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने गयावासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और बाजार में उपलब्ध फॉर्म या बिचौलियों से संपर्क न करें।योजना का लाभ प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को मिलेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ना अनिवार्य है।राज्य सरकार द्वारा विभिन्न माध्यमों से योजना की जानकारी दी जा रही है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं इसका अधिकतम लाभ उठा सकें।उन्होंने कहा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को रोजगार के लिए आर्थिक लाभ दिया जाएगा।इसके लिए जीविका महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से आवेदन लिया गया है।जो स्वयं सहयता समूह के सदस्य नहीं उन्हें योजना के लाभ हेतु समूह से जुड़ना जरुरी है।इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफलाइन प्रपत्र द्वारा आवेदन लिया जाएगा।शहरी क्षेत्र में ऑनलाइन आवेदन करना है।इसका आवेदन निःशुल्क है।ग्रामीण संगठनों द्वारा और शहरी क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा।

## झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से एक मजदूर की मौत हो गई। विरोध में ग्रामीणों ने अबगिला के पास गयाजी-नवादा मार्ग पर जाम लगा दिया। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजों की मांग को लेकर 2 घंटे तक रोड जाम रखा। मृतक की पहचान शिखर गांव निवासी झींगुर कुमार(22) के तौर पर हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। मां सुमंती देवी ने बताया कि चौकी से नीचे गिरने से बेटे का हाथ टूट गया था। डॉक्टर ने बिना एक्स-रे कराए ही प्लास्टर चढ़ा दिया। 2 इंजेक्शन भी लगाया। प्लास्टर इतना टाइट था कि हाथ की नस दब गई और धीरे-धीरे फूलने लगा। घर लौटने के बाद झींगुर बेचैन रहने लगा। हालत बिगड़ने के बाद दूसरे डॉक्टर के पास लेकर गए। वहां पता चला कि टाइट प्लास्टर की वजह से नस फट गई है। प्लास्टर काटने के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही डॉक्टर एजाज क्लिनिक बंद करके फरार हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने शव को क्लिनिक के बाहर रखकर जमकर नारेबाजी की।

## जनसंपर्क कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जदयू जिलाध्यक्ष महानगर राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की अगुवाई में सोमवार को जदयू के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शेरघाटी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम नवादा पंचायत श्रीरामपुर व स्थानीय विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कर सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर श्री बरनवाल ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की अगुआई में हर वर्ग का विकास हो रहा है। गांवों में भी शहरों जैसी सेवा मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली जा रही है।

## मछली विवाद में 6 माह से फरार तीन आरोपित धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती गांव से पुलिस ने पोखरा में मछली विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले के तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार सुबह जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि कांड संख्या 39/25 से संबंधित इस मामले में आरोपित बीते छह माह से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में दिनेश पासवान (35 वर्ष), अरुण पासवान उर्फ अरुण कुमार (19 वर्ष), दोनों पिता स्वर्गीय राम प्रवेश पासवान तथा टुलू पासवान उर्फ विनोद पासवान (30 वर्ष) पिता कृष्णा पासवान शामिल हैं। ये सभी आंती गांव के निवासी हैं। पुलिस ने सोमवार सुबह तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चल रहे अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

## आहर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड स्थित सिमरा पंचायत के मंगरौर गांव में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। 43 वर्षीय यदुनंदन मांझी की आहर में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यदुनंदन मांझी शाम करीब 6:15 बजे आहर पर पैर धो रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों ने तत्काल खोजबीन शुरू की, लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। सोमवार सुबह लगभग 7 बजे ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। कोंच थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक के परिजन कारू मांझी ने बताया कि यदुनंदन मेहनतकश और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके पिता का नाम नरहर मांझी है। इस हादसे से परिवार गहरे सदमे में है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

## पति-पत्नी विवाद में युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के गरारी गांव में एक युवक की मौत हो गई। गांव निवासी नंदलाल महतो का 19 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार ने पति-पत्नी विवाद से परेशान होकर खुद को आग लगा ली। घटना 11 सितंबर की रात करीब 9 बजे की है। परिजनों ने आग बुझाकर प्रवीण को जहानाबाद के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे पटना रेफर कर दिया गया। पटना के निजी अस्पताल में स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने पीएमसीएच में भर्ती कराया। सोमवार सुबह करीब 7 बजे पीएमसीएच में इलाज के दौरान प्रवीण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि युवक का अंतिम संस्कार पटना में किया जाएगा। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एफआइआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड स्थित आंती गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पहले पक्ष से आयुष परमार ने तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरे पक्ष से मंजू देवी ने दो लोगों को आरोपी बनाया। आंती थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर कांड संख्या 102/25 और 103/25 दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## शहीद रौशन कुमार की पांचवीं शहादत पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मां तारा नगरी केसपा ग्राम में आज अमर शहीद रौशन कुमार की पांचवीं शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण से हुआ जिसमें ग्रामीणों ने भाग लेकर शहीद को नमन किया। इस दौरान शहीद रौशन कुमार के पिता नागेंद्र शर्मा, मां संजू देवी और भाई आलोक कुमार ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद के साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने अपने संबोधन में कहा कि शहादत के उपरांत किए गए वादे आज तक अधूरे हैं। शहीद परिवार को न्याय और सम्मान मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम में नीरज कुमार, सुबोध कुमार, राहुल कुमार, जय प्रकाश शर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए एवं शहीद की वीरगाथा पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## इंजीनियर डे पर नगर परिषद कार्यालय में समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को इंजीनियर-डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार ने सभी इंजीनियरों के साथ संयुक्त रूप से केक काटकर शुभकामनाएं दी और कहा कि इंजीनियर समाज और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियर अपने कार्य में कड़ी मेहनत और ईमानदारी से जुड़कर विकास की दिशा को गति देते हैं। यही वजह है कि आज देश की प्रगति में उनका योगदान सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मौके पर बजेन्द्र कुमार, रविरंजन कुमार, मुन्ना कुमार, सिटी मैनेजर साबिर अंसारी, बड़ा बाबू अतुलित कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का संचालन और देखरेख वार्ड पार्षद मनीष कुमार उर्फ लड्डू जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान इंजीनियरिंग क्षेत्र के महत्व पर चर्चा की गई और यह संकल्प लिया गया कि नगर क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इंजीनियर ही वह कड़ी है जो योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता तक उसका लाभ पहुंचाते हैं। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सहायता बूथों में घुसा बारिश का पानी, पिंडदानी और कर्मी परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।**जिले में रविवार की देर रात हुई लगातर बारिश से गया जंक्शन पर पिंडदानियों के सेवारत लगाए गए सहायता बूथों में पानी जमाव हो गया।इसके कारण तीर्थयात्रियों सहित सहायता शिविर से जुड़े लोगों को परेशान होना पड़ा। रेल कंट्रक्शन विभाग की टीम सहायता शिविरों को दुरुस्त कराने में जुटी रही। पानी के जमाव को बाहर निकालने और पानी से मिट्टी गीली होने से भी बढ़ी परेशानी को ध्यान में रखकर बालू डालने का कार्य किया गया। रेल कंट्रक्शन विभाग के अभियंता सुधीर शर्मा, रेल निर्माण कम्पनी के जीएम बीके सिंह व प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार सिन्हा ने सहायता प्रयास में जुट गए और दर्जन भर मजदूरों को शिविरों को दुरुस्त करने लगाया गया। इससे तीर्थयात्रियों को सहायतार्थ लाभ मिला।इसके अलावा सहायता शिविर में सेवारत जुड़े लोग भी अपने टेंट शिविर में पानी का जमाव को बाहर निकालने में जुटे रहे। गया जी में संचालित पितृपक्ष मेले में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में पिंडदानी श्रद्धालु रेल मार्ग से गया जंक्शन आ-जा रहे हैं। इन पिंडदानी श्रद्धालुओं के सेवारत गया जंक्शन परिसर में करीब दर्जन भर सहायता शिविर लगाए गए हैं।

## घर का ताला तोड़ की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सप्ताह के भीतर चोरों ने दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया। एक ही रात दो अलग-अलग जगह चोरी की घटना घटित हुई। पहली चोरी की घटना टिकारी थाना क्षेत्र के नंदन बिगहा अहरा पर और दूसरा अलीपुर थाना क्षेत्र के उर विशुनपुर ग्राम निवासी संजीवन कुमार के नवनिर्मित मकान में घटित हुई। पीड़ित संजीवन ने बताया कि विगत शनिवार को पर्व को लेकर गांव गया था। सोमवार को टिकारी आने पर मकान का ताला टूटा हुआ देखा। जांच पड़ताल की तो पाया कि घर में रखा सत्रह हजार नगदी, लाखों के जेवर वहीं किरायेदार राजकुमार मिस्त्री के कमरे से चार लाख रुपया नगदी व जेवर जेवरात गायब थे।

## पितृपक्ष मेले का 9वां दिन, सीता कुंड में पिंडदान का विशेष महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में पितृपक्ष मेला का 9वां दिन है। सुबह से ही प्रसिद्ध सीता कुंड में श्रद्धालुओं की भीड़ है। पिंडदान के लिए रोजाना देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सीता कुंड में पिंडदान से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पिंडदान के बाद श्रद्धालुओं ने सीता कुंड के पवित्र जल में स्नान किया।स्थानीय प्रशासन और मेला समिति ने सुरक्षा और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की है।गयाजी में हर वर्ष पितृ पक्ष मेला पंद्रह दिनों तक चलता है जिसमें विश्वभर से श्रद्धालु आकर अपने पूर्वजों का श्राद्ध करते हैं।यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और इसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र अनुष्ठान माना गया है।

## अभियंता दिवस पर गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में जागृति यात्रा पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** अभियंता दिवस के अवसर पर गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्टार्टअप सेल की ओर से सोमवार को जागृति यात्रा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेक्रेड गुरुकुल के संस्थापक शशि कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को जागृति यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। जागृति यात्रा एक अनूठी सामाजिक-आर्थिक पहल है जिसमें देशभर से युवा प्रतिभागी 15 दिनों तक विशेष ट्रेन में सफर करते हुए भारत के विभिन्न हिस्सों में सफल उद्यमियों, सामाजिक संगठनों और नवाचार केंद्रों से रूबरू होते हैं। इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, उद्यमिता, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। शशि कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा युवाओं को जीवन में बड़ा सोचने और देशहित में कार्य करने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्टार्टअप आइडिया प्रोग्राम के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए और उन्हें अपने विचारों को वास्तविक स्वरूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज लवकुश गुप्ता ने कहा कि अभियंता दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जिला स्टार्टअप समन्वयक सुशांत कुमार ने बिहार सरकार की स्टार्टअप नीतियों, नवोदित उद्यमियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और जिले में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए और वक्ताओं से संवाद कर उद्यमिता से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

# यात्रा वृतांत 'यायावर' का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार सुनील सौरभ रचित यात्रा वृतांत ''यायावर'' का विमोचन रविवार की रात्रि को विष्णुपद स्थित मुख्य मंच से किया गया। यह पुस्तक स्मृतिशेष साहित्यकार के पुत्र सिद्धार्थ कुमार द्वारा प्रकाशित किया गया है। वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने पुस्तक लोकार्पण करते हुए कहा कि पितृपक्ष के पावन अवसर पर एक पुत्र द्वारा पिता की अप्रकाशित पुस्तक का प्रकाशन कर विमोचन कराना निःसंदेह अद्भुत और स्तुत्य कार्य है। इसकी सर्वत्र सराहना की जानी चाहिए।

इस अवसर पर कथा वाचिका देवी अनुराधा सरस्वती, साहित्यकार डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी, डॉ. रामकृष्ण मिश्र, मुकेश कुमार सिन्हा, संतोष क्रांति व विनोद बरबिगहिया, पूर्व निगम पार्षद लालजी प्रसाद, एस.एम. जुगेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार उर्फ सिब्लू सिंह, समाजसेवी मुनीराम दूबे, राम प्रवेश शर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा उर्फ छोटू आदि उपस्थित थे। पुस्तक लोकार्पण के पूर्व स्वामी जी और कथा वाचिका को साहित्यकार पुत्र सिद्धार्थ कुमार एवं पुत्री सुरभि द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ का निधन 22 अप्रैल, 2023 को हो गया और यह कृति अप्रकाशित थी जिसे उनके पुत्र द्वारा प्रकाशित किया गया। प्रस्तुत किताब में श्री नाथद्वारा, उदयपुर, हल्दीघाटी, अयोध्या, कुशीनगर, कौलेश्वरी, जम्मू, वैशाली, इटखोरी, हरिद्वार एवं राजापुर की यात्रा का संस्मरण शामिल है।

## ओवरलोड ट्रकों से परेशानी बढ़ी, दुर्घटना की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गया जिला के एनएच -99 डोभी-चतरा मार्ग पर ओवरलोड गिट्टी और बालू लदे ट्रक एवं हाइवा के परिचालन से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। राहगीरों का कहना है कि गिट्टी और बालू लदा ट्रक ऊपर से ढकी नहीं होती जिसके कारण चलते समय सड़कों पर गिट्टी और बालू गिरते रहती है। इससे दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आए दिन परेशानी होती है। कई का सीसा टूट जाता है तो कई बार बाइक चालकों को गिट्टी गिरने से गंभीर चोट लग जाती है और वाहनों के फिसलने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग की है। ताकि इस मार्ग पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू
Office e-mail id- itibishrampur@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना**

01 झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक– 1302, दिनांक– 12.09.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन–पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

02 **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** :–(क) **वेल्डर, एवं प्लम्बर व्यवसाय** के लिए आठवाँ उत्तीर्ण /10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

03 **महत्वपूर्ण तिथियाँ** :–

| Time schedule for SPOT Round of online counseling & Admission | | |
|---|---|---|
| Sl no. | Activity | Date |
| 01 | SPOT Round online Admission ( Seat Allotment and Admission for Pre Registered Candidates) | 15/09/2025 to 30/09/2025 |

04. दिनांक– 15.09.2025 से 30.09.2025 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में **SPOT Round of online Admission** लिया जाएगा। **SPOT Round of online Admission** के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve Basis पर व्यवसाय /सीट का आबंटन कर नामांकन लिया जाएगा। जो भी छात्र/छात्रा (https://iti.jharkhand.gov.in) Website Portal पर पूर्व से निबंधित है। उन्ही अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू द्वारा नामांकन लिया जाएगा।

रिक्त सीट विवरणी–

| क्रम सं0 | व्यवसाय | कुल सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| 01 | पलम्बर | 48 | 43 |
| 02 | वेल्डर (SCVT) | 40 | 36 |

प्रभारी प्राचार्य,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू

PR 361985 (District)25-26*D


## पांच दिवसीय बकरी पालन कार्यक्रम का शुभारम्भ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी द्वारा नागरिकों के कल्याण हेतु 05 दिवसीय (15 से 19 सितंबर) तक बकरी पालन का शुभारम्भ एसएसबी 29वीं बटालियन के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के द्वारा सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर में किया गया। इस प्रशिक्षण में बटालियन के समवाय क्षेत्रों (गया, औरंगाबाद एवं लखीसराय जिलों) से कुल 16 बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका उददेश्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के युवकों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना।साथ ही साथ उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ना भी है। इस अवसर पर कमांडेंट मधुकर अमिताभ ने बताया कि बकरीपालन स्वरोजगार का अच्छा साधन है इससे हम छोटे स्तर से शुरुआत कर वृहद स्तर तक अपने रोजगार का विकास कर सकते है।

## दक्षिणी मंडल किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** भारतीय जनता पार्टी कोंच दक्षिणी मंडल किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक दिघी स्थित एक निजी आवास पर आहूत किया गया। बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ राष्ट्रीय गीत से किया गया। मौके पर जुटे कार्यकर्ता ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, जेपी नड्डा, नरेंद्र मोदी, अमित शाह जिंदाबाद के नारा बुलंद करते नजर आए। बैठक में किसान मोर्चा की कमिटी का घोषणा किया गया जिसमें 1 अध्यक्ष के अलावे 6 उपाध्यक्ष, 6 मंत्री, 2 महामंत्री, एक एक कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता का पद दिया गया है। सभी पद धारक को उज्वल भविष्य की कामना की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामानुज सिंह ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी देवेंद्र शर्मा ने की वहीं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी शिव बल्लभ ने किया। वही मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी किसान मोर्चा गया जी उपेन्द्र कुमार सिंह व अतिथि में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा गया जी पश्चिमी धनंजय कुमार, महामंत्री निरंजन कुमार सिंह सहित सुधीर शर्मा, किशोर रावत, टिकारी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार पाण्डेय, कोंच 20 सूत्री अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, टिकारी दक्षिणी मंत्री शीला कुमारी, उपाध्यक्ष प्रेमन पासवान, शक्ति कुमार, महामंत्री सौरभ मिश्र, विनोद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। आगामी दिनों में मोदी जी की अवतरण दिवस पर सेवा पखवाड़ा जो 02 अक्तूबर तक चलेगा पर बारीकी रूप से चर्चा किया गया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–आरईपी–आईपीएस–26एसटीएन–25–26, दिनांक: 12.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई–आरईपी–आईपीएस–26एसटीएन–25–26** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** उम्र सह स्थिति के आधार पर पुराने आईपीएस की बदली। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,15,76,948/–, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,07,900/–**निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 12.09.2025 को 13.24 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 22.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www. ireps. gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-292/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना (4th Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड रॉची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित की जाने वाले Urban Health & wellness Centre (Urban Ayushman Arogya Mandir) के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों की चयन हेतु दिनांक 24.09.2025 को कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में अपराह्न 02:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सको की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियॉ | 01 (एक पद) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगा। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 24.09.2025 को नगर पचायत मझिऑव को अपराह्न 02:00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 361979 Urban Development(25-26)#D

संपादकीय

# नक्सलियों के पैर तो उखड़ चुके हैं मगर...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे का वक्त मार्च 2026 तय कर रखा है. अमित शाह की कार्यशैली ऐसी है कि अमूमन उनके वादे पर या निर्णय के क्रियान्वयन पर लोग भरोसा करते हैं. लेकिन उन्होंने जब नक्सलियों के खात्मे की घोषणा की थी तो शंका करने वालों की कोई कमी नहीं थी. यहां तक कि नक्सली नेताओं ने भी चुनौती दे दी थी लेकिन जब सरकारी मशीनरी, राज्यों की पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने अंतिम प्रहार शुरू किया तो परिणाम सामने आने लगे. 2024 तक, नौ राज्यों के 38 जिलों को नक्सल प्रभावित माना जाता था लेकिन अप्रैल 2025 में, अमित शाह ने देश को बताया कि अब केवल छत्तीसगढ़ में बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र में गढ़चिरोली में ही नक्सलवाद का ज्यादा प्रभाव बचा है. सोमवार का छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली मोडेन बालकृष्ण मारा गया. उसके दस साथी भी मारे गए जिनमें कई नाम प्रमुख थे. गरियाबंद में मुठभेड़ का मतलब है कि छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलों में भी नक्सलियों का वजूद अभी है. पिछले महीने ही धमतरी इलाके में बड़े पैमाने पर बम बरामद हुए थे. मगर इस बात में कोई संदेह नहीं कि सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की नींद हराम कर रखी है. सरकारी मशीनरी और सुरक्षाबलों पर जंगल में बसे लोगों का भरोसा पुख्ता होता जा रहा है और यही कारण है कि नक्सलियों के जमावड़े के बारे में अब व्यापक पैमाने पर सूचनाएं मिल रही हैं और सुरक्षाबल तेजी से कार्रवाई कर पा रहे हैं. इसमें उन पुराने नक्सलियों की भी बड़ी भूमिका है जो पहले सरेंडर कर चुके हैं और जिन्हें विश्वास हो गया है कि विकास की धारा तब तक जंगलों में बसे गांवों तक नहीं पहुंच सकती जब तक कि नक्सलवाद समाप्त नहीं होगा. पिछले कई दशकों से इन इलाकों में जंगलों पर नक्सलियों का कब्जा रहा है और वहां की जनता ने देखा है कि नक्सलियों के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है. सोशल मीडिया के कारण वे इस बात से वाकिफ हुए हैं कि देश तेजी से तरक्की कर रहा है लेकिन उन तक वो तरक्की नहीं पहुंच पाई है. तरक्की की कामना उनमें जगी है और वे चाहते हैं कि जंगल से नक्सलियों का सफाया होना चाहिए. इस बीच सरकारी मशीनरी ने उन लोगों पर भी नकेल कसी है जो किसी भी रूप में नक्सलियों की सहायता कर रहे थे. नक्सलियों तक हथियार और धन पहुंचने में कमी आई है. बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं. स्वयं नक्सली ही स्वीकार कर रहे हैं कि पिछले एक साल में उनके साढ़े तीन सौ से ज्यादा साथी मारे जा चुके हैं. मुहावरे की भाषा में कहें तो नक्सलियों के पैर उखड़ चुके हैं. इसलिए यह माना जा रहा है कि नक्सलियों का खात्मा बचे हुए अगले छह महीने में हो जाएगा. मगर असली सवाल यह है कि नक्सलियों के खात्मे के साथ क्या नक्सलवाद भी समाप्त हो जाएगा? जो शहरी नक्सली हैं, जिनकी पहचान मुश्किल है, वे तो हर हाल में नक्सलवाद को जिंदा रखना चाहेंगे ही. नक्सलियों ने कहा भी है कि उनके पास साधन खत्म होने का यह मतलब नहीं है कि वे अपनी गतिविधियां रोक देंगे. वे नया स्वरूप धारण करेंगे और नक्सलवाद को जिंदा रखने की कोशिश करेंगे. जैसे ही उन्हें अनुकूल मौसम मिलेगा, वे फिर से पनप जाएंगे. तो सवाल है कि नक्सलवाद को कैसे समाप्त किया जाए? निश्चित रूप से सरकार कुछ जरूर सोच रही होगी लेकिन जो लोग नक्सलवाद को जानते हैं, उनकी राय स्पष्ट है कि उन इलाकों में विकास की धारा तेजी से प्रवाहित करके ही नक्सलवाद को समाप्त किया जा सकता है. इस बात से सभी वाकिफ हैं कि नक्सल प्रभावित इलाकों में यदि सड़क भी बनती है तो काम बहुत घटिया होता है और सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाती है.

# प्रकृति की नाराजगी को समझाना होगा...

**प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं।**

ललित गर्ग

पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं।

आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-÷प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।÷ यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर



भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं।

वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है।

भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है।

अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा।

पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली भारी जन-धन हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस वर्ष की बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं केवल त्रासदी नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश हैं-कि प्रकृति के साथ असंतुलन की कीमत हमें अपने अस्तित्व से चुकानी पड़ सकती है। इसलिए विकास की नीतियों को पर्यावरण की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करना ही इस संकट से उबरने का वास्तविक मार्ग है।

अध्यात्म

## घमंड कभी भी किसी को लाभ नहीं देता

कई साल पहले एक राजा के राज्य में एक शांत नदी बहती थी, जिसके किनारे सुनहरे हंस रहते थे। ये हंस दिन का ज्यादातर समय नदी के आसपास बिताते, अपनी चमकदार पंखों को सजाते, और एक-दूसरे के साथ शान से बातें करते। हर छह-सात महीने बाद ये हंस अपने एक सुनहरे पंख को राजकोष में दे देते थे, जो नदी के इस्तेमाल की कीमत थी। राजा के सिपाही आते और इन पंखों को संभालकर ले जाते। एक दिन एक बेसहारा चिड़िया उधर से गुजरी। नदी की शांति और ठंडी हवा ने उसे आकर्षित किया। उसने सोचा, यह तो रहने के लिए आदर्श जगह है! लेकिन जैसे ही उसने नदी के किनारे कदम रखा, हंसों ने उसे घेर लिया और चिल्लाने लगे, यह हमारी नदी है! हम पंख देकर इसे हासिल करते हैं, तो तू यहां क्या कर रही है? चली जा! चिड़िया ने विनम्रता से कहा, भाइयो, मैं बेसहारा हूँ। कृपया मुझे यहां रहने दो। मैं भी किराया दूंगी। हंसों ने एक-दूसरे की ओर देखा और ठहाके लगाने लगे। एक हंस बोला, अरे, तुझे देखो! तेरे पास तो सुनहरे पंख भी नहीं, फिर किराया कैसे देगी? सपने देखना बंद कर और भाग जा! चिड़िया को अपमानित महसूस हुआ, लेकिन वह चुपचाप चली गई, मन में बदला लेने का इरादा लिए। दुखी चिड़िया राजा के पास गई और बोली, महाराज, मैंने नदी किनारे शरण मांगी, लेकिन हंसों ने मुझे अपमानित किया। वे सोचते हैं कि नदी उनकी जागीर है। राजा का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उसने अपने सिपाहियों को आदेश दिया, इन घमंडी हंसों को कोर्ट में पेश करो! जब हंस कोर्ट में आए, राजा ने गंभीर स्वर में कहा, तुम्हारे पंख राजकोष के लिए जरूरी नहीं हैं, और नदी किसी की संपत्ति नहीं। तुम कैसे तय कर सकते हो कि कौन यहां रह सकता है? हंस डर गए और आपस में फुसफुसाए, अब क्या होगा? राजा ने चेतावनी दी, या तो नदी छोड़कर चले जाओ, वरना सजा का सामना करो! हंसों ने तुरंत उड़ान भरी और वहां से भाग गए। चिड़िया खुश हो गई। उसने नदी के किनारे एक छोटा सा घोंसला बनाया और अब बेसहारा नहीं रही। एक दिन एक और थकी हुई चिड़िया आई और बोली, मुझे भी शरण चाहिए। चिड़िया ने मुस्कुराते हुए कहा, आओ, यहां सबके लिए जगह है। धीरे-धीरे कई बेसहारा पक्षी वहां आकर बस गए, और नदी किनारा एक खुशहाल आश्रय बन गया। एक दिन राजा स्वयं नदी का दौरा करने आया। उसने चिड़िया की मेहनत और दयालुता देखी। राजा ने कहा, तुमने सिखाया कि सच्ची शक्ति विनम्रता में है। चिड़िया ने जवाब दिया, महाराज, मैंने सिर्फ वही किया जो हंसों ने नहीं किया। राजा ने वहां एक छोटा सा पार्क बनाने का आदेश दिया, जहां बच्चे और पक्षी दोनों खेल सकें। स्थानीय लोग इसे शांति वन कहने लगे, और चिड़िया की कहानी मशहूर हो गई।

# अतीत की यादें और भविष्य की चिंता छोड़िए...

**भविष्य को लेकर योजना बनाना तो सर्वथा उचित है किंतु यह मान लेना कि भविष्य हमारे विचारों के अनुरूप ही आकार ग्रहण करेगा, बेवकूफी है। वर्तमान का प्रत्येक क्षण शांति एवं प्रसन्नता का अथाह भंडार है, बशर्ते कि भूतकाल एवं भविष्य से संबंधित किसी भी तरह के विचार का उसके साथ कोई भी दखल न हो। प्रत्येक दिन हमें जीवन के रूप में प्रकृति द्वारा दिए गए अमूल्य उपहार के लिए उसे हृदय से धन्यवाद देना चाहिए। प्रकृति के द्वारा रची गई सुंदर एवं अद्भुत प्रकृति की गोद में अपना कुछ समय व्यतीत करते हुए उसके मौन संदेश को सुनने एवं समझने का प्रयास करना चाहिए। प्रकृति की मौन ध्वनि को केवल और केवल उसी स्थिति में समझा जा सकता है जबकि हम शांत चित्त से एकांत में बैठकर अपनी अंतरात्मा से जुड़ने का प्रयास करें। मगर क्या यह उस स्थिति में संभव है जब हमारे अंतर्मन में भूतकाल एवं भविष्य को लेकर अनेक उधेड़बुन चल रही हो।**

शिशिर शुक्ला

समय प्रकृति के द्वारा दिया गया एक ऐसा अमूल्य उपहार है, जो निरंतर गतिमान रहता है। विशेष बात यह है कि इसकी गति पर किसी भी परिस्थिति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। समय के तीन पहलू हैं, जिनको हम भूतकाल, वर्तमान एवं भविष्य के नाम से जानते हैं। अगर तुलनात्मक दृष्टि से देखा जाए तो इन सभी पहलुओं में वर्तमान का महत्त्व सर्वाधिक है। कारण यह है कि भूतकाल स्मृतियों के रूप में संचित हो जाता है और भविष्य कल्पनाओं के रूप में प्रस्फुटित होता रहता है। इन दोनों पर ही हमारा लेशमात्र भी नियंत्रण नहीं होता। समय के जिस पहलू को हम अपने अनुसार नियंत्रित और समायोजित कर सकते हैं, वह है वर्तमान।

इतना अवश्य है कि इस वर्तमान को सुंदर ढंग से चित्रित करने और सजाने-संवारने में हम भूतकाल की स्मृतियों और अनुभवों तथा भविष्य के लिए की गई कल्पनाओं का सहारा ले सकते हैं।

वर्तमान का प्रत्येक छोटे से छोटा क्षण हमारे लिए एक छोटे से जीवन की भांति है, जिसको हमें खुलकर पूरी प्रसन्नता और उत्साह के साथ जीने का प्रयास करना चाहिए। भूतकाल के साथ अनेक सकारात्मक और नकारात्मक पहलू जुड़े रहते हैं। अच्छे अनुभव और स्मृतियां इसके सकारात्मक पहलू हैं, जबकि असफलताएं, कठिन संघर्ष और कष्ट भूतकाल के नकारात्मक पहलू को निर्मित करते हैं। यह पूर्णतया हमारी बुद्धिमत्ता और विवेक पर निर्भर करता है कि हम भूतकाल के किस पहलू का उपयोग वर्तमान की रचना करने में करते हैं। रही बात भविष्य की, तो वह तो पूर्णतया हमारे हाथ से बाहर है। हम केवल और केवल अपने लक्ष्य से संबंधित अच्छी कल्पनाएं करके, उनके रंगों को वर्तमान के आलेखन में सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से भर सकते हैं।

भविष्य को लेकर अपने मन में प्रतीक्षा का भाव रखना और इस कारण वर्तमान की उपेक्षा करते रहना नितांत अविवेकपूर्ण है। यह एक कटु सत्य है कि जब वर्तमान भूतकाल में परिणत हो जाता है, तभी हमें उसकी वास्तविक सुंदरता का अनुभव होता है। भूतकाल के लिए पश्चाताप और भविष्य के लिए चिंता हमें एक ऐसे भंवर में धकेल देते हैं, जो हमारे सुंदर सपनों और आकांक्षाओं से हमें हमेशा के लिए दूर कर देता है। हमें आशा, शांति, सुकून और संतोष से भरे हुए जीवन का अनुभव करने के लिए भूत और भविष्य पर केंद्रित न रहते हुए सतत रूप से वर्तमान की सुंदरता का रसास्वादन करते रहना चाहिए।

वर्तमान की उपेक्षा करना किसी भी दृष्टिकोण से बुद्धिमता का परिचायक नहीं है, क्योंकि वर्तमान और वास्तविकता सही मायने में एक दूसरे के पर्याय हैं। भूतकाल वास्तविकता के दायरे को पार करके एक अलग आयाम में पहुंच चुका है, जबकि भविष्य अभी वास्तविकता में परिणत ही नहीं हुआ है। इसलिए भूतकाल और भविष्य से बंधे रहकर वर्तमान की सुंदरता को भूल जाना कहीं न कहीं हमारे अविवेक और अदूरदर्शिता को ही दर्शाता है।



वर्तमान का प्रत्येक पल अपने आप में एक अल्पकालिक, लेकिन सुंदर से जीवन को अभिव्यक्त करता हुआ प्रतीत होता है।

आवश्यकता है केवल उसे पहचानते हुए उसकी अद्भुत सुंदरता में खोकर जीवन के उस अमूल्य क्षण में छिपे हुए आनंद की अनुभूति करने की। भूतकाल की कल्पना और भविष्य की चिंता निश्चित रूप से इस अनुभूति में बहुत बड़ी बाधक बन सकती है। चिंता, दुख और निराशा जैसे भाव तभी जन्म लेते हैं, जब हम या तो भूतकाल के विषय में अधिक विचार करते हैं या फिर भविष्य को लेकर अगणित निराधार कल्पनाओं में खो जाते हैं।

वर्तमान तो ऐसा क्षण है, जिसको अपनी अपेक्षानुरूप आकार देना पूर्ण रूप से हमारे अपने वश में होता है। जरा अपने विवेक और दूरदर्शिता के साथ इस तथ्य के विषय में विचार करें कि जो हमारे विचारों, बुद्धिमता एवं क्षमताओं के दायरे से बाहर है, उसके पीछे अपने अमूल्य समय को बर्बाद करके हमें क्या हासिल होने वाला है। हमारे दृष्टिक्षेत्र एवं कल्पनाक्षेत्र की सीमाओं के भीतर केवल और केवल वर्तमान ही है। सुख एवं प्रसन्नता का भाव केवल और केवल वर्तमान पर केंद्रित रहकर ही अर्जित किया जा सकता है।

भविष्य को लेकर योजना बनाना तो सर्वथा उचित है किंतु यह मान लेना कि भविष्य हमारे विचारों के अनुरूप ही आकार ग्रहण करेगा, बेवकूफी है। वर्तमान का प्रत्येक क्षण शांति एवं प्रसन्नता का अथाह भंडार है, बशर्ते कि भूतकाल एवं भविष्य से संबंधित किसी भी तरह के विचार का उसके साथ कोई भी दखल न हो। प्रत्येक दिन हमें जीवन के रूप में प्रकृति द्वारा दिए गए अमूल्य उपहार के लिए उसे हृदय से धन्यवाद देना चाहिए।

प्रकृति के द्वारा रची गई सुंदर एवं अद्भुत प्रकृति की गोद में अपना कुछ समय व्यतीत करते हुए उसके मौन संदेश को सुनने एवं समझने का प्रयास करना चाहिए। प्रकृति की मौन ध्वनि को केवल और केवल उसी स्थिति में समझा जा सकता है जबकि हम शांत चित्त से एकांत में बैठकर अपनी अंतरात्मा से जुड़ने का प्रयास करें। मगर क्या यह उस स्थिति में संभव है जब हमारे अंतर्मन में भूतकाल एवं भविष्य को लेकर अनेक उधेड़बुन चल रही हो। संभवतः नहीं, क्योंकि प्रकृति से सच्चे अर्थों में जुड़ने के लिए मन का विकारमुक्त होना नितांत आवश्यक है।

चिंता एवं अनावश्यक विचारों की भीड़ मन को विकृत करने में अहम भूमिका निभाती हैं। जब मन पूर्णरूपेण वर्तमान के साथ सम्बद्ध होता है, तो हमारी भावनाएं, विचार, इच्छाशक्ति एवं संवेदनाएं बाहरी परिवेश के साथ पूर्णतया लयबद्ध होती हैं और ऐसी स्थिति में हम अपने अंतस के भीतर एक अद्भुत आनंद को जन्म लेता हुआ महसूस कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्तमान से जुड़ाव ही जीवन को एक सही एवं अर्थपूर्ण दिशा प्रदान कर सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपने विषय में गलत धारणा बनाने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण आपका बजट बिगड़ सकता है। सर्दी-जुकाम और हल्के बुखार की स्थिति भी बन सकती है।

**वृषभ**
अव्यवहारिक विचारों के कारण उपहास हो सकता है। आपको स्वाभिमान की चिन्ता हो सकती है। विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन**
झूठ बोलना आपकी छवि को नकारात्मक बना सकता है। इसीलिये सोच-विचारकर ही आपको लोगों के सामने प्रतिक्रिया देनी चाहिये।

**कर्क**
विद्यार्थी पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। छोटी किन्तु आधारभूत समस्याओं का समाधान ढूँढने का प्रयास करेंगे। इसका सकारात्मक परिणाम आपको अवश्य मिलेगा।

**सिंह**
किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से आनन्दित महसूस करेंगे। व्यापार में साझेदारी को लेकर निर्णय कर सकते हैं। योजनाओं का लाभ मिल सकता है।

**कन्या**
व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। सन्तान के विवाह की चिन्ता रहेगी। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिये दिन अनुकूल है।

**तुला**
व्यावसायिक दृष्टिकोण से दिन बहुत सामान्य रहने वाला है। आपका मन कुछ अशान्त हो सकता है। आज आप अपने काम पर ही ध्यान दें।

**वृश्चिक**
नौकरीपेशा लोगों को निवेश से जुडी चिन्ता हो सकती है। मशीनरी से जुड़े कारोबार में लाभ प्राप्त होगा। सहयोगियों के ऊपर अधिक निर्भर न हों।

**धनु**
आज धार्मिक क्रियाकलापों से जुड़ने का प्रयास करेंगे। इससे आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आर्थिक समस्याओं को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। बच्चों के भविष्य की चिन्ता हो सकती है।

**मकर**
आज आपको अपनी जिम्मेदारियों पर विशेष ध्यान देना होगा। किन्तु इस समय आपको काम के साथ-साथ आराम की भी आवश्यकता है। शरीर में कुछ थकावट महसूस हो सकती है।

**कुंभ**
अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर मन में कुछ कन्फ्यूजन रहने की सम्भावना है। जीवनसाथी से मन की बातें शेयर करें।

**मीन**
दाम्पत्य जीवन में चल रही अनबन खत्म होने की सम्भावना है। आपके मन में उच्च पद और प्रतिष्ठा की इच्छा प्रबल होगी। अपनी तीव्रबुद्धि का कुशल प्रयोग करेंगे।

# एनटीपीसी कहलगांव में हिन्दी पखवाड़ा-2025 का शुभारंभ

## 14 से 29 सितंबर तक चलेगा हिन्दी पखवारा, विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कहलगांव।** राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं उसके प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनटीपीसी कहलगाँव में दिनांक 14 से 29 सितम्बर 2025 तक हिन्दी पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे कार्यालयीन कार्यों में प्रभावी ढंग से लागू करने का प्रयास किया जाएगा। आज दिनांक 15 सितम्बर 2025 प्रशासनिक भवन स्थित चाणक्य सभागार में हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेलके कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ अधिकारियों,




विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों एवं कर्मचारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उद्घाटन अवसर पर परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे तथा राजभाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय योगदान देंगे। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख ने कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक पहचान और एकता की भाषा है। कार्यालयीन कार्यों में इसके अधिकाधिक प्रयोग से न केवल हमारी कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि राजभाषा नीति के उद्देश्यों की भी पूर्ति होगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और राजभाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान दें। उद्घाटन समारोह के उपरांत कर्मचारियों के लिए राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों नेराज भाषा नियम, अधिनियम, संवैधानिक प्रावधान, आठवीं अनुसूची, वर्तनी आदि विषयों पर अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हिन्दी एवं गैर-हिन्दी दोनों वर्गों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हिन्दी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत एनटीपीसी कहलगाँव म ेंनिबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, हिन्दी टंकण, स्वरचित कविता/गीत प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत

**एकमा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र में रसूलपुर-चैनपुर पथ पर योगियां स्थित बंशी छपरा स्कूल के समीप सोमवार की देर शाम बोलेरो की ठोकर से एक बाइक सवार जिउतिया व्रती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के धानाडीह गांव निवासी धनपत यादव की पत्नी बुची देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि उक्त महिला अपने पुत्र के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत के अवसर पर सीवान जिले के सरयू नदी के सिसवन घाट से स्नान कर घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए एकमा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पाकर पहुंची रसूलपुर थाने की पुलिस ने मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर स्थान छपरा भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार ग्रामीणों व परिजनों द्वारा कर दिया गया।

## एक नजर

### बिजली चोरी की प्राथमिकी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत ऊर्जा चोरी रोकथाम हेतु विभागीय पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा हसनपुर बागर में छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में राम कुमार सिंह द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनके विरुद्ध थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जेई विमल कुमार साहा ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में हसनपुर बागर के रामकुमार सिंह के घरेलू परिसर में छापामारी के क्रम में पाया गया कि मीटर बायपास कर बिजली ऊर्जा का चोरी की जा रही थी। इससे नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 74,463 रूपए राजस्व की क्षति हुई है। छापामारी दल में जेई विमल कुमार साहाके अलावे कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, राम नरेश राय, मानव बल धीरज कुमार,मनीष भारती आदि शामिल थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा वार्ड संख्या 13 से एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी लुखो महतो का पुत्र गोपी महतो है। उस पर नालिसी वाद संख्या 359सी 2000 के तहत मारपीट करने तथा छिनतई करने का कांड अंकित था। लंबे समय से वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। लंबी अवधि से गैर हाजिर रहने से न्यायालय ने उसके विरुद्ध लाल वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई अबोध कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### नशे की हालत में गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने रजाकपुर पंचायत के वार्ड संख्या 5 चक्का से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी वार्ड संख्या 5 का भुट्ट पासवान का पुत्र प्रदीप पासवान है। वह नशे की हालत में उत्पात मचा रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने 112 गश्ती दल पुलिस पदाधिकारी को दी। गश्ती पदाधिकारी सूचना स्थल पर पहुंच कर हिरासत में ले लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई सुबोध कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में संचालित जीविका ग्राम संगठन से जुड़े सदस्यों का सोमवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीपीएम मनोरंजन कुमार एवं सीएम, सीसी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के द्वारा जीविका के स्वयं सहायता समूह से जुड़े महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दस हजार रूपये उसके खाता में ट्रांसफर करने की जानकारी दी। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने बताया कि संपूर्ण प्रखंड क्षेत्र के लगभग 1500 ग्रुप के 14000 सक्रिय सदस्य हैं।फिलहाल 8100 सदस्यों का एप्रुवल भेजा गया है। विभाग की ओर से सीधे सदस्यों के खाते में राशि हस्तांतरित की जायेगी। शेष सदस्यों के कागजात की औपचारिकता पूरी होने के बाद एप्रुवल भेजा जायेगा। नये सदस्यों को जोड़ने का फॉर्म नजदीकी दीदी से प्राप्त कर आवेदन करने की अपील की। इस अवसर पर सामुदायिक समन्वयक, सनातन राम, संजीवनी कुमारी, मीना कुमारी एवं अन्य लाभुक महिलाएं मौजूद थे।

### बाइक की चोरी

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हथौड़ी थाना अंतर्गत बल्लीपुर पंचायत के गलगल चौक के पास से एक साइकिल दुकान पर रखे अखबार विक्रेता की मोटरसाइकिल को चोरों ने चोरी कर ली। चोरी की घटना को लेकर बल्लीपुर गांव निवासी जलधार प्रसाद सिंह के पुत्र विपिन कुमार ने हथौड़ी थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में दर्शाया गया है वे अपनी हीरो कंपनी की एच एफ ए डी 135 मॉडल मोटरसाइकिल गाड़ी निबंधन सं बी आर 33 ए टी 5427 को 11 सितंबर को गलगल चौक स्थित सुभाष पोद्दार की साइकिल दुकान पर रात्रि में लगाकर वे परवल बेचने बाजार समिति समस्तीपुर चले गए थे। उनका कहना है कि जब वह सुबह में समस्तीपुर से घर लौटे तो उनका मोटरसाइकिल गायब था। वे काफी खोजबीन के बाद मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर थाना में 14 सितंबर को आवेदन दिए। थाना अध्यक्ष मौसम ने बताया कि मोटरसाइकिल की खोजबीन की जा रही है नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

## बिस्कोमान अध्यक्ष ने किया व्यापार मंडल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** बिस्कोमान बिहार झारखण्ड के अध्यक्ष बिशाल सिंह गोपालगंज सहकारिता बैक अध्यक्ष महेश राय सिबान सहकारिता बैक अध्यक्ष मनोज सिंह सोमवार को पटना से कार्यक्रम मे खगड़िया जाने के दौरान अपने पांच सदस्यीय टीम के साथ बलिया व्यपार मंडल कार्यालय पहुचे। जहां उन्होंने पहुंचकर बलिया व्यपार मंडल के मार्केट मे चल रहे सहकारिकता बैक इफ्को बाजार गोदाम एवं काउंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बलिया व्यपार मंडल कार्यालय कक्ष मे पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की हम बिस्कोमान के अध्यक्ष पद पर जब से पदभार ग्रह्ना किए हैं तभी से बिहार झारखण्ड के पंचायत ब्लाक से लेकर जिला मुख्यालय तक का दौरा अपने टीम के साथ से कर रहे है। इस दौरा के क्रम मे सहकारिता से जुड़े नेता सदस्य और पदाधिकारी से मिलकर सहकारिता को और कैसे मजबूत किया जाए इसपर राय ले रहे हैं। दौरा खत्म होने के बाद सहकारिता को और मजबूत करने को लेकर सरकार से मिलकर उनको रिपोर्ट देंगे और सकारिता के विकास के लिए आगे भी प्रत्यनशील रहेंगे। उन्होंने इस दौरान जिला सहकारिता बैंक को अच्छे काम करने के लिए बिहार मे प्रथम स्थान मिलने पर जिला सहकारिता बैक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह और उपाध्यक्ष कमल किशोर सिंह को बुके चादर देकर सम्मानित किया और बधाई दी। बलिया व्यपार मंडल कार्यालय कक्ष मे वलिया व्यपार मंडल के अध्यक्ष राकेश प्रबंध समिति सदस्य रंजन चौधरी ने बिस्कोमान अध्यक्ष बिशाल सिंह एवं उनके टीम मे शामिल सभी सदस्य सहकारिता बैक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष कमल किशोर सिंह को बुके एवं चादर देकर सम्मानित किया एवं बलिया व्यपार मंडल आने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर व्यपार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, रंजन चौधरी, मो सोहेल अहमद, दुर्गेश कुमार, बब्लू कुमार, सहकारिता बैक के शाखा प्रबंधक मिथलेश तिवारी, इफ्को बजार के प्रबंधक कौशल कुमार साहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना के लाभुक बने गृह मालिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों के बीच गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत प्रतिकात्मक चाबी का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा पूर्णिया जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों को गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत आवास का सांकेतिक चाबी का वितरण किया गया जिसके तहत आज सभी जिलों में गृह प्रवेश चाबी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता द्वारा बताया गया कि पिछले एक माह में




2024-25 एवं 2025-26 में लक्ष्य के विरूद्ध 1958 लाभुकों को गृह प्रवेश हेतु चाभी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के तरह जिला स्तर पर 70 लाभुकों को सांकेतिक रूप से चाभी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता अजय यादव, निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार, बीडीओ, वीरपुर सहित अन्य आवास कर्मी एवं लाभुक उपस्थित थे।

## डा. सुरेश राय वस्त्र मंत्रालय के हिंदी सलाहकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुरेश प्रसाद राय को हिंदी सलाहकार समिति में गैर सरकारी सदस्य के तौर पर नामित गया। डा. राय ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। वस्त्र मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनने पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त किया। खुशी जाहिर करने वालों में जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के अध्यक्ष उमानंद चौधरी, उपाध्यक्ष भगीरथ प्रसाद राय, मंजू सिंह, जिला सचिव रणजीत कुमार, सदस्य राज्य कार्य समिति डा. सुदर्शन कुमार, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ प्राच्य प्रभा के प्रबंध संपादक सह संस्कृत शिक्षा बोर्ड बिहार के सदस्य चंद्र किशोर कुमार, संयुक्त सचिव डा. अर्चना, गणेश झा, सुशील कुमार चौधरी, अपूर्व घोष, कंचन कुमारी, जिला मूल्यांकन परिषद अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, मुंगेर प्रमंडल संयुक्त सचिव डा. मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष फैजुर रहमान, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य चंद्र भूषण सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## नि:शक्तजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

### रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर प्रत्येक माह लगाया जाता है जॉब कैंप

### 23 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग के तहत जिला नियोजनालय में सोमवारको निःशक्तजनो के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने की। शिविर में श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त शिविर में निजी कंपनी इंस्टाकर्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक कुमार के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य, वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल तथा अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 25 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 23 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। शिविर में कुल 36 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही राणा अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। इस अवसर पर कंचन कुमारी एवं भारती कुमारी को स्वरोजगार हेतु सहायतार्थ निःशुल्क सिलाई मशीन दी गई एवं ललित कुमार को फर्नीचर कार्य हेतु टूल किट दिया गया। जे एस ए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधान लिपिक विनय कुमार, डीएसएम रंजय सिंह देव, सतीश पटेल, सामंत कुमार, रामप्रीत उपस्थित थे ।

## मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के एक संबद्ध महाविद्यालय, महाराज रमेश्वर सिंह मिथिला महाविद्यालय, आनंदपुर, दरभंगा के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षाविद मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय से महाविद्यालय परिसर में शिष्टाचार भेंट करने का बार-बार अनुरोध कर रहे थे। विदित हो कि डॉ राय का पैतृक गांव दरभंगा जिले के बहेड़ी बाजार में स्थित है। बहेड़ी और आनंदपुर की दूरी लगभग पंद्रह किलोमीटर है। डॉ राय ने सोमवार की सुबह



मुंगेर जाने के क्रम में एमआरएसएम कॉलेज, आनंदपुर में सभी शिक्षकों एवं कर्मियों से शिष्टाचार भेंट की। प्रधानाचार्य कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर गुणानंद चौधरी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा डॉ राय को पगड़ी एवं चादर देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे क्षेत्र के एक साधारण परिवार के व्यक्ति ने तीन बार विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलसचिव के पद को संभाला है। यह ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण मिथिलांचल के लिए गौरव और प्रतिष्ठा की बात है। कुलसचिव डॉ राय ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं नियमानुसार किया है, भविष्यमें भी करते रहेंगे। कुलसचिव ने स्वागत के लिए उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पूर्व मुखिया का निधन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया 70 वर्षीय जगेश्वर शाह का निधन सोमवार को हो गया। वह पिछले दो माह से बीमार चल रहे थे। जागेश्वर शाह 2016 से 2021 तक भगतपुर पंचायत के मुखिया रहे थे। वह अपने पंचायत मे मुखियाजी के नाम से प्रचलित थे। पूर्व मुखिया अपने पीछे तीन पुत्र पांच पुत्र सहित दर्जनों नाती पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए है। उनके निधन पर पेक्स राकेश सिंह पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी मुखिया रंजना देवी सरपंच रणधीर कुमार पूर्व पंचायत समिति सदस्य भोला पासवान पूर्व मुखिया बैधनाथ यादव ललन चौधरी सहित दर्जनों लोगो ने शोक जताया।

## अमिता भूषण ने दूसरे दिन भी की चुनावी पदयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** पूर्व विधायक अमिता भूषण की अपने विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा के माध्यम से लोगों से मिलने का सिलसिला दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रही। इस कड़ी में सोमवार को श्रीमती भूषण सदर प्रखंड के नीमा पंचायत में घर घर जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। इस दौरान शेरपुर और नीमा दोनों गांव के सैकड़ो स्थानीय लोगों का हुजूम साथ रहा। बीच बीच में ग्रामीणों की अमिता भूषण के समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी देखने को मिली। महिलाओं में इस दौरान गजब का उत्साह देखने को मिल रहा था। महिलाएं अपनी समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराती दिखी जिसका सकारात्मक उत्तर पूर्व विधायक की और से मिल रहा था। ज्यादातर सड़क. नाली, जलजमाव पर्चा और सामाजिक योजना का समुचित लाभ नहीं मिलने की समस्या खघस तौर से उभर कर आ रही थी। श्रीमती भूषण ने अपने कार्यकाल में किये गये कार्यो की चर्चा की और कहा कि आप स्वयं मेरे कार्यकाल और वर्तमान कार्यकाल की तुलना करें और फैसला लें। मेरी एकमात्र प्रतिबद्धता विकास है और यही मेरे सामाजिक और राजनीतिक जीवन का ध्येय है। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह मुखिया प्रतिनिधि अजीत सहनी, पंचायत अध्यक्ष मो मुस्तफा, पूर्व मुखिया राम प्रकाश पासवान, चुनचुन राम, पूर्व अध्यक्ष मो अरशद आलम ब्रजेश सहनी, आलोक कुमार, विष्णुदेव पासवान, रामचंद्र यादव, राजू पोद्दार, बबलू यादव. मो दिलशाद, मो रब्बान, मोहन पोद्दार, मो साबिर, नुनु लाल यादव, उपेन्द्र साह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## मोदी मित्र अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत पश्चिम मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली की अध्यक्षता में बंडीहा गांव स्थित उनके निवास स्थान पर आयोजित मोदी मित्र अभियान को लेकर बैठक की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला संयोजक सोशल मीडिया दीपक कुमार ने मोदी मित्र अभियान के बारे में विस्तार से बतलाया। उपस्थित सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि मोदी मित्र अभियान का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका उद्देश्य लोगों को मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ना है इस अभियान के माध्यम से लोगों को सरकार के कार्यों के बारे में जागरूक किया जाएगा। मोदी सरकार के प्रति समर्थन देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नवीन कुमार रोसड़ा विधानसभा संयोजक, सोशल मीडिया गुंजन सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, मंडल महामंत्री शंभू झा कैलाश पंडित सभी लोगों ने यह निर्णय लिया की मोदी मित्र अभियान का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एमयू के 6 एनएसएस स्वयंसेवक राष्ट्रीय एकता शिविर में करेंगे बिहार का प्रतिनिधित्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 08 से 14 अक्टूबर तक चौ0 चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में सहभागिता हेतु मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर से 03 महिला स्वयंसेवक एवं 03 पुरुष स्वयंसेवक तथा 01 कार्यक्रम पदाधिकारी को दलनायक के रूप में सहभागिता करनी है। प्रतिभागियों को दिनांक 07 अक्टूबर की सायं को शिविर स्थल पहुँचना




है। सात दिवसीय शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह द्वारा 6 स्वयंसेवकों की सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार महिला वर्ग से रिया कुमारी जमालपुर कॉलेज, जमालपुर, नैना कुमारी - एमएस कॉलेज अलौली, जागृति कुमारी- आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर, पुरूष वर्ग से कुमार रोबिन- एचएस कॉलेज हवेली खड़गपुर, राजीव रंजन- आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर, गुलफराज़ आलम- कोशी कॉलेज, खगड़िया एमएस कॉलेज अलौली के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजकिशोर प्रसाद (विश्वविद्यालय स्तर पर वर्ष 2024 में बेस्ट पीओ अवार्ड प्राप्त) को दलनायक के रूप में चयनित किया है। आज मुंगेर विश्वविद्यालय के मीडिया रूम में राष्ट्रीय एकता शिविर के चयनित स्वयंसेवकों की बैठक कार्यक्रम समन्वयक द्वारा आयोजित की गई। इसमें शिविर का विवरण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, एनएसएस गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को एन एस एस टी-शर्ट और कैप प्रदान किया गया। उन्होनें कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय के 6 स्वयंसेवक बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे, यह मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। शिविर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे उनका व्यक्तित्व निखरेगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम राय ने कहा कि स्वयंसेवकों का चयन पारदर्शी है। सहभागिता हेतु उन्हीं स्वयंसेवको का चयन किया गया है जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों, क्षेत्रीय हस्तशिल्प, भाषा में निपुण तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, प्रतिभावान कौशल और नेतृत्व क्षमता रखते हैं। यह सिर्फ चयन ही नहीं बल्कि प्रतिभा का सम्मान हैं। एनएसएस कार्यालय कर्मी सुमंत कुमार एवं सौरव शांडिल्य ने स्वयंसेवकों के प्रमाण पत्र की जाँच की और उन्होंने शिविर हेतु आवश्यक जानकारी को साझा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### देशी चुलाई शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरैया पुलिस ने करीब पच्चीस लिटर देशी चुलाई शराब के साथ सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति हरैया थाना के अंतर्गत पड़ने वाले चिकनी गाँव का रहने वाला धर्मेंद्र मुखिया ( पिता, रधामोहन मुखिया ) है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद उसे अग्रतर कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय भेज दिया।

### चार पियक्कड़ गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीतना पुलिस द्वारा एक शराब तस्कर सहित चार शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जीतना थाना के भवानीपुर गांव निवासी छठू माझी के पुत्र नन्हक माझी को 60 बोतल नेपाली कस्तुरी शराब के साथ जमुनी पुल से प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई रजनी कुमारी द्वारा गिरफ्तार किया गया। दूसरी तरफ छौड़ादानों थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी राम अवतार महतो के पुत्र मनोज कुमार, जीतना थाना क्षेत्र के जोलगावा गांव निवासी मुंशी राय के पुत्र राहुल कुमार, जयमंगल यादव के पुत्र मनोज यादव, बड़ैला गांव निवासी नवल प्रसाद यादव के पुत्र गांधी कुमार शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई रजनी कुमारी ने बताई कि शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार चारों व्यक्ति एवं एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पांचों व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया।

### बनकटवा भाजपा मंडल मोर्चा की हुई घोषणा

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा बनकटवा दक्षिणी मंडल के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।इसकी जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष चंद्रभान मिश्रा ने पत्र के माध्यम से बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल व संगठन जिला रक्सौल के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नई मोर्चा कमिटी का गठन कर घोषणा की गई है।जिसमें नीतू देवी को महिला मोर्चा,प्रमोद साह को किसान मोर्चा,फिरोज मंसूरी को अल्पसंख्यक मोर्चा,शिवनाथ ठाकुर को अतिपिछड़ा मोर्चा,गजेंद्र राम को अनुसूचित जाति मोर्चा, तथा युवा मोर्चा में अरुण कुमार को जिम्मेदारी दी गई है।

### पटना में फिजियो रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गोपाल



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के होटल मौर्या में फिजियो हेल्पिंग हैंड द्वारा आयोजित विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के समापन समारोह सह राज्यस्तरीय फिजियोथेरेपी कान्फ्रेंस में मोतिहारी शहर के मिस्कौट स्थित जनसेवा फिजियोथेरेपी एवं पेन रिलीफ क्लिनिक के निदेशक जिले के बंजरीया प्रखंड के मोखलिसपुर निवासी प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट चिकित्सक डॉ. गोपाल कुमार सिंह को फिजियोथेरेपी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सराहनीय योगदान के लिए राजधानी पटना की मेयर की मेयर सीता साहू के द्वारा मोमेन्टो प्रदान कर फिजियो रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. गोपाल को पटना में सम्मानित होने पर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. फिरोज सैफी, डॉ. नवीन, डॉ. प्रशांत सहित दर्जनों चिकित्सको एवं उनके शुभचिंतकों ने बधाई दिया है। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, एम्स पटना के डॉ. संजीव कुमार, हेल्पिंग हैंड के डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. पियुश सिन्हा, डॉ. शहबाज खान, डॉ. निसस, डॉ. अनमोल, डॉ. मनीष, डॉ. अरुण, डॉ. इम्तेयाज, डॉ. शहजाद, डॉ. जाहिद सहित दो सौ अधिक फिजियो चिकित्सक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### संघर्ष बिना समस्याओं का निदान नहीं : रामाश्रय सिंह



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिना संघर्ष के ज्वलन्त समस्याओं से मुक्ति पाना मुस्किल और आये दिन भ्रष्टाचार चरम पर होगा उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी )के मोतिहारी लोकल कमिटी के तत्वावधान में मोतिहारी प्रखंड / अंचल कार्यालय पर आयोजित धरना को संबोधित करते हुए माकपा के पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह ने कहीं। सिंह ने महंगाई और भ्रष्टाचार के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों की आलोचना की तथा जानता से आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को वोट देकर इस सरकार को बदलने में अपनी भूमिका निभावे।सभा को संबोधित करते हुए पार्टी जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने किसानो मजदूरों से अपील की कि समस्याओं के मकड़जाल से मुक्ति हेतु जंगजू आंदोलन करने को हर सम्भवत तैयार रहे अन्यथा यह गूंगी बहरी सरकारें एक भी सुनने को तैयार नहीं होगी। धरना को पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह, सत्येन्द्र कुमार मिश्र,के अतिरिक्त कामरेड ध्रुव त्रिवेदी,शक्ति नाथ तिवारी,कपिल देव प्रसाद,रामलाल राम,ध्रुव गुप्ता,बच्चा राय,ऋषिकेश पाठक,गुड्डू सिंह सहित अन्य नेताओ ने संबोधित किया।कार्यक्रम का अध्यक्षता कामरेड जमदार राय एवं संचालन कामरेड अशोक पाठक ने की। तत्पश्चात 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन मोतिहारी अंचलाधिकारी और प्रखंड विकाश पदाधिकारी मोतिहारी को दी गयी जिसे दोनों पदाधिकारी के द्वारा पूरा करने के आश्वासन के पश्चात धरना संपन्न हुआ।

### ऑटो में पिकअप ने मारा ठोकर, किशोरी की मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के एन एच 727 मुख्य पथ में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे पेट्रोल पंप डुमावलिया के समीप तेज गति से आ रहे पिकअप वैन ने अनियंत्रित होकर सामने से आ रही यात्रियों से भरी ऑटो में जोरदार टक्कर मारी। जिस दौरान ऑटो में अपनी मां के साथ बैठी 13 वर्षीय किशोरी घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। और पिकअप वैन ऑटो को घसीटते डिवाइडर पर जा टकराई।जिसको देख आस पास के लोग दौड़ कर पहुंच यात्रियों को ऑटो से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस के साथ पटखौली थाना को दी।घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

### ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया थाना क्षेत्र के अमवामन के समीप रविवार की रात अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पूर्वी चंपारण के सुगौली थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया वार्ड आठ निवासी बृज बिहारी साह के पुत्र बिट्टू कुमार ( 25 ) के रूप में की गई है। मझौलिया पुलिस ने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी।

### स्कूल से छात्र गायब, अपहरण की आशंका

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरियाथाना क्षेत्र के व्यासपुर चौक स्थित एक नीजी स्कूल में पढ़ने आया नर्सरी का छात्र विधालय से गायब हो गया है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी है। गायब बच्चें के पिता व्यासपुर निवासी अनुप कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि उसने अपने पुत्र आर्यन को सुबह 7.30 बजे विधालय में छोड कर आया था। बारह बजे गया तो पता चला की टिपीन में ही विधालय के शिक्षक राजु नामक पर एक काल आया है और बच्चे को बुलाया जा रहा है। वह शिक्षक विधालय में गये तब तक बच्चा आर्यन को कोई लेकर चला गया । बाद में जब बच्चे के पिता विधालय में गये तो बच्चा नहीं था जबकी बैग वहीं पर था।इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की सुक्षमता से जांच की जा रही है। बच्चे की बरामदगी हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं

### भतुजला जंगल से 1 क्विंटल गांजा बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एस एसबी 44 वी बटालियन ने भतुंजला जंगल से नेपाली गांजा का बहुत बड़ा खेप बरामद किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया है कि रविवार को संध्या गस्ती के दौरान भतुंजला जंगल के पिलर संख्या 433 के पास से एक सौ एक किलो नेपाली गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया है कि एस एसबी द्वारा बताया गया है कि कुछ गांजा तस्करों की टीम गांजा का खेत लेकर जंगल से गुजर रहा था तब तक सामने आते हुए एस एसबी के जवानों पर जैसे ही नजर पड़ी 433 नंबर पिलर के पास गांजा का बंडल फेंक कर जंगल के रास्ते भाग निकले। वहीं एसएसबी ने बरामद गांजा को सहोदरा थाना को सौंप दिया है।

# छतौनी चौक से नरेगा पार्क तक आरसीसी नाला एवं पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम द्वारा शहर में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छतौनी चौक से नरेगा पार्क तक आरसीसी नाला एवं पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य का आज भव्य शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी के कर - कमलों द्वारा संपन्न हुआ। शिलान्यास समारोह में नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव जी, निगम पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी जी ने कहा कि नगर निगम का मुख्य लक्ष्य शहर में जलजमाव की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करना और स्वच्छ, सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस नाला निर्माण से बरसात के समय पानी निकासी की समस्या समाप्त होगी और पेवर्स ब्लॉक निर्माण से सड़क मार्ग आकर्षक, टिकाऊ एवं धूल-मुक्त बनेगा। साथ ही निगम के सभी वार्डों में विकास कार्य निरंतर जारी है। नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव जी ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाले आर.सी.सी. नाले एवं पेवर्स ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निगम के अभियंताओं द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। स्थानीय पार्षदगण एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने नगर निगम के इस प्रयास की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। नगर निगम मोतिहारी पुनः आश्वस्त करता है कि शहरवासियों की सुविधा, स्वच्छता और सुंदरता को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र के सभी वार्डों में आज विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। मुझे गर्व है कि पिछले ढाई वर्षों के हमारे कार्यकाल में जितना विकास हुआ है, उतना पिछले दस वर्षों में भी नहीं हो पाया था। यह सब आप सभी नागरिकों के सहयोग और हमारी निगम टीम की कड़ी मेहनत से संभव हुआ है। पिछले दस वर्षों में नगर निगम द्वारा लगभग 25 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए थे, जबकि आज जिस योजना का शिलान्यास हो रहा है, वह करीब 5 करोड़ रुपए का है और इसी ठक्ळ लगभग कुल मिला कर 16 करोड़ रुपये के योजनाओं का शिलान्यास होना सुनिश्चित है। अभी हमारे कार्यकाल में प्रत्येक वार्ड में जो विकास कार्य पूरे हो चुके हैं, जो जारी हैं और जो आने वाले समय में शुरू होने वाले हैं, वे पहले की तुलना में कई गुना अधिक हैं। अभी हम लोगों के द्वारा शहर के पानी निकासी को सुनिश्चित करने हेतु बाजार समिति रोड, मठिया जिरात, जमला रोड, छतौनी, बंगाली कॉलनी, श्रीकृष्ण नगर, राजबाजार, बरियारपुर, चांदमारी और शहर के अन्य क्षेत्रों में मुख्य नाला निर्माण कार्य कराना हमारी प्राथमिकता में है। पानी निकासी को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण से संबंधित योजनाओं को निगम के द्वारा स्वीकृती दी गई है। चरणवार सभी योजनाओं को स-समय पूरा कर लिया जायेगा। आपको आने वाले समय में आप सभी इन कार्यों को पूर्ण रूप में देखेंगे और शहर को एक नए स्वरूप में अनुभव करेंगे।

## पश्चिमी चंपारण जिले को मिली एक और बड़ी सड़क की सौगात

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकार ने पश्चिमी चंपारण के सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल के अनुरोध पर पश्चिमी चंपारण को सड़क का एक बहुत बड़ा सौगात दिया है । 10000 करोड़ की लागत से यह फोरलेन एक्सप्रेसवे पटना से बेतिया नवलपुर पथ के परसा ग्राम के पास जुड़ेगी । इस एक्सप्रेसवे के बनने से अब योगापट्टी से पटना की दूरी मात्र 170 किलोमीटर होगी , जिसे ढाई घंटे में तय किया जा सकेगा । यह पूरे पश्चिमी चंपारण जिले के साथ-साथ विशेष कर लौरिया विधानसभा के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात है । इतनी बड़ी उपलब्धि डॉ संजय जयसवाल के भारत सरकार के ऐस्टीमेट कमिटी के अध्यक्ष होने के कारण संभव हो पाया है । जिले के विकास में यह उपलब्धि एक बहुत बड़ा आयाम बनेगा । भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने जिले को मिले इस सौगात के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं पश्चिमी चंपारण के सांसद डॉ संजय जयसवाल को बहुत-बहुत धन्यवाद।

# जीएसटी सुधारों से करोड़ों परिवार को हर माह बचेंगे हजारों रुपये : कुंतल कृष्णा

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो



मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) विपक्ष सालों तक केवल 'गरीबी हटाओ' के नारे देता रहा और भारी भरकम टैक्स वसूलता रहा। लेकिन कभी असल में गरीबी नहीं हटाई। आज मोदी जी ने गरीब की थाली से टैक्स हटाकर उन्हें असल राहत दी है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्णा ने आज मोतिहारी सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। श्री कुंतल ने कहा कि अब बच्चों का दूध महंगा नहीं पड़ेगा। कांग्रेस के जमाने में जिस दूध पर भी 6% टैक्स लगता था, मोदी जी ने उसे पूरी तरह शून्य कर दिया है। मोदी जी ने गरीब ही नहीं हर मध्यम वर्गीय परिवार की थाली से टैक्स का बोझ हटाया है। गेहूं- चावल - आटा - जिस पर कांग्रेस वर्षों तक टैक्स वसूलती रही, आज सब पर शून्य प्रतिशत जीएसटी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास फैमिली के लिए टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे जरूरी सामान पर पहले 31% टैक्स था, अब केवल 18% है। कपड़े बनाने वाले सूत पर भी कांग्रेस के समय 18% टैक्स हुआ करता था, अब केवल 5% टैक्स लगेगा, जिससे लाखों बुनकर भाइयों को फायदा होगा। कांग्रेस के जमाने में अस्पतालों और मेडिकल मशीनों पर भारी टैक्स लगा हुआ था। मोदी सरकार ने एक्स-रे, रेडियोथैरेपी जैसी मशीनों पर टैक्स घटाकर सिर्फ. 5% कर दिया - इससे इलाज सस्ता होगा। जिस हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर कांग्रेस 18% टैक्स वसूलती थी। उसपर भी मोदी जी ने आम आदमी की राहत के लिए 0% टैक्स कर दिया। विपक्ष वाले कहते थे कि जीएसटी 'गब्बर सिंह टैक्स' है, लेकिन सच ये है कि मोदी जी ने इसे 'गरीब और मध्यम वर्ग का टैक्स' बना दिया। मध्यमवर्गीय परिवार अपने लिए वो सुख-सुविधाएं पा सकेंगे, जो पहले महंगी थीं। जीएसटी 2.0 बिहार के करोड़ों परिवारों के सपनों को हकीकत में बदलने का माध्यम बनेगा। जीएसटी सुधारों से करोड़ों परिवार की जेब में हर महीने हजारों रुपये बचेंगे। विपक्ष ने 70 साल में टैक्स सिस्टम को उलझाया, एनडीए सरकार ने इसे सरल और सस्ता बनाया। कहा कि नए उल्लास से इस बार दशहरा, छठ - दिवाली मनेगा। वहीं जीएसटी में राहत से सजेगी पूजा की थाली तथा त्योहारों में मिठाईयों से खुशियाँ बढ़ेगी, जेब पर बोझ नहीं पड़ेगा। कांग्रेस के शासन काल में मिठाई पर भी 21% टैक्स लिया जाता था, आज मोदी सरकार में इसे केवल 5% टैक्स पर ला दिया है। इस बार व्रती के लिए फलाहार या व्रत वाली थाली भी सस्ती होने वाली है। इन थालियों में आमतौर पर मक्खन, पनीर, दूध, खजूर, ड्राई फ्रूट्स, फल, घी का उपयोग किया जाता है। अब इन सभी चीजों पर लगने वाला टैक्स या तो हटा दिया गया है या काफी कम कर दिया गया है। पूजा में उपयोग होने वाले सामान जैसे वनस्पति तेल, घी, चीनी, मिठाई, छेना - पनीर इन सभी चीजों पर मात्र 5% जीएसटी कर दिया गया है। रोजमर्रा के सामान जैसे साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, बेबी प्रोडक्ट्स पर जहाँ पहले 12-18% टैक्स था, उसपर अब केवल 5% टैक्स लगेगा। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को सीधा फायदा होगा। कृषि मशीनरी, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, बायो-पेस्टिसाइड्स और ट्रैक्टर के पार्ट्स पर टैक्स में कमी से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। 1200 से 1500 सीसी वाले पेट्रोल/डीजल के छोटे कार, 350 सीसी तक वाले मोटरसाइकिल या थ्री व्हीलर्स इन सब पे 28% टैक्स था। अब वह 18% के स्लैब में आ गए हैं। टूथपेस्ट, साबुन, तेल से ले गाड़ी, मोटर इत्यादि तक, टीवी, फ्रिज से लेकर पेंसिल, इरेजर, ज्योमेट्री बॉक्स, बच्चों के नोटबुक, बच्चों का ज्योमेट्री बॉक्स पर टैक्स की भारी कमी हुई है। लगभग सभी पर शून्य टैक्स कर दिया गया है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम होने से सामान्य परिवारों का खर्च घटेगा ।

मौके पर बिहार मछुआ आयोग अध्यक्ष ललन सहनी, जिलाध्यक्ष भाजपा पवन राज, उपमहापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद एवं जिला प्रवक्ता साजिद रजा, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद आदि उपस्थित थे।

# चार प्रखंडों के प्रश्न पत्र महादेव साह हाईस्कूल से किए जाएंगे वितरित

**चिरैया, पताही, मधुबन व पकड़ीदयाल प्रखंड के 69 विद्यालयों को किया गया है टैग**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी 23 सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सहित आसपास के तीन अन्य प्रखंडों में कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं तक के छात्रों की आयोजित होनेवाली आगामी परीक्षा के प्रश्न पत्रों का वितरण केंद्र पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी को बनाया गया है। उक्त वितरण केंद्र पर सोमवार को प्रश्न पत्रों का पैकेट लदा ट्रक पहुंचा। प्रश्नों के पैकेट को प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह एवं लिपिक विनोद कुमार की निगरानी में ट्रक से उतार कर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने बताया कि इस वितरण केन्द्र से चार प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को टैग किया गया है। आगामी त्रैमासिक व अर्द्धवार्षिक परीक्षा को लेकर चिरैया, पताही, मधुबन व पकड़ीदयाल प्रखंड के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक संचालित होने वाले 69 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक यहां से प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे। वहीं प्रश्न पत्र का वितरण मंगलवार से किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी विभाग द्वारा बीईओ सरोज कुमार सिंह एवं उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिंह को दी गई है। बता दें कि प्रश्न पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना की ओर से उपलब्ध कराए गए है। प्रश्न पत्र बांटने में आसानी हो इसको लेकर पूर्वी चंपारण जिले में कुल आठ वितरण केंद्र बनाए गए है।

## सीएसपी से 22 हजार की चोरी, कार से भाग रहे दो साधु धराये

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परसा इंदुसलैंड बैंक सीएसपी से नकदी चोरी कर फरार हो रहे दो साधुओं को ग्रामीणों ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर धर दबोचा। सोमवार को हुई इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के मुताबिक, परसा स्थित सीएसपी संचालक मुहम्मद अरमान आलम सुबह करीब सात बजे अपने सीएसपी ऑपिस में बैठे थे, तभी दो साधु के वेश भूषा में ऑल्टो कार से वहां पहुंचे और उनसे पानी पिलाने को बोले जब संचालक पानी लाने गया उसी समय दोनों साधु तिजोरी से 22 हजार रुपये की चोरी कर दोनों साधु आल्टो कार से भाग निकले।भागते-भागते जैसे ही आरोपी मझौलिया रेलवे गुमटी पर पहुंचे, गेट बंद होने के कारण उनकी गाड़ी फंस गई। इसी बीच सतर्क ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की गई पूरी नकदी बरामद हुई।इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को मझौलिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

## नई जीएसटी से करोड़ों परिवार के जेब में बचेंगे अब हर माह हजारों रुपये



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि लालकिला के प्राचीर से 15 अगस्त को की गयी घोषणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मूर्त रुप से दे दिया है। वास्तव में कांग्रेस के दावे कि भारत में गब्बर सिंह टैक्स वसूला जाता है को झुठलाते हुए अब टैक्स स्लैब को प्रधानमंत्री ने इसे गरीबो एवं मध्यम वर्ग के लिए टैक्स बना दिया है। वे सोमवार को सांसद डा. संजय जायसवाल के आवास पर जीएसटी में बदलाव को लेकर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से करोड़ों परिवार की जेब में अब हर महिने हजारों रुपये बचेंगे। कांग्रेस एवं अन्य दलो ने विगत 70 सालों में टैक्स सिस्टम को उलझा कर रख दिया था जिसे एनडीए की सरकार ने सरल और सस्ता बनाया हैं अब वास्तव में देशवासियों की दीवाली एवं छठ नये उल्लास में मनेगा। विपक्ष सालों तक केवल गरीबी हटाओ के नारे देता रहा और भारी भरकम टैक्स वसूलता रहा। लेकिन असल में गरीबी नही हटायी। आज मोदी जी ने गरीब की थाली से टैक्स हटाकर उन्हें असल राहत दी है। उन्होंने कहा कि हम बिहारवासियों के लिए त्योहार का उल्लास डबल होनेवाला है। इसका सीधा सा गणित है कि जहां पहले पूजा से जुड़ी थाली तैयार में पहले 200 रुपये का खर्च आता था वही जीएसटी में बदलाव से 200 की जगह 160 से 170 रुपये हीं खर्च होंगे। नये जीएसटी स्लैब से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।

# महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में 'श्रमदान दिवस' का आयोजन

**शिक्षक व विद्यार्थियों ने लिया परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प**




**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 15 सितम्बर 2025 स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी (बिहार) में सोमवार को 'श्रमदान दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता, सहयोग और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाना रहा। कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणास्पद संदेश में कहा- श्रमदान केवल एक क्रियात्मक पहल नहीं, बल्कि यह हमारे भीतर छिपी सामाजिक चेतना, आत्मदायित्व और राष्ट्रभक्ति की प्रबल अभिव्यक्ति है। महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित होकर जब हम स्वेच्छा से श्रम करते हैं, तो हम केवल परिसर को स्वच्छ नहीं करते, बल्कि अपने चरित्र को भी निखारते हैं। विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल ज्ञान का प्रसार भर नहीं है, अपितु मूल्य-आधारित नागरिकता का निर्माण भी है। मैं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से यह अपेक्षा करता हूँ कि वे इस भाव को केवल एक दिन की औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे अपने व्यवहार और जीवनशैली का स्थायी हिस्सा बनाएं। स्वच्छता, समर्पण और सहयोग की यह भावना ही हमारे परिसर को न केवल सुंदर, बल्कि आदर्श और प्रेरक बनाएगी। गांधी भवन प्रांगण में कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर प्रसून दत्त सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा- श्रमदान केवल सफाई या किसी स्थान को स्वच्छ रखने का कार्य भर नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक मानवीय और नैतिक दायित्व की अभिव्यक्ति है। जब कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के लिए निःस्वार्थ भाव से श्रम करता है, तो वह केवल अपने शरीर को ही नहीं, अपने मन और आत्मा को भी अनुशासन, साहस और संकल्प की ऊर्जा से भर देता है। श्रमदान हमें यह सिखाता है कि समाज की वास्तविक उन्नति केवल शब्दों या विचारों से नहीं, बल्कि कर्म और परिश्रम से होती है। जब हम झाड़ू उठाकर कूड़ा साफ करते हैं या परिसर को स्वच्छ बनाते हैं, तब हम केवल गंदगी हटाने का कार्य नहीं कर रहे होते, बल्कि हम अपने भीतर जमी आलस्य, उदासीनता और व्यक्तिगत स्वार्थ की धूल को भी झाड़ रहे होते हैं। यही क्रिया हमें मानसिक रूप से दृढ़, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाती है। उन्होंने आगे कहा झ श्रमदान समाज-निर्माण की वह आधारशिला है, जो सहयोग, समानता और बंधुत्व की भावना को जन्म देती है। यह हमें सिखाता है कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता- हर श्रम समाज के लिए मूल्यवान है। जब शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों जैसे विभिन्न स्तरों के लोग एक साथ श्रम करते हैं, तो सामाजिक विभाजन की दीवारें स्वतः ही ढह जाती हैं और सामूहिकता की चेतना प्रबल होती है। इस प्रकार श्रमदान केवल स्वच्छता का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मशक्ति का जागरण और समाज-निर्माण का सशक्त साधन बनकर व्यक्ति और राष्ट्र -दोनों के चरित्र को उन्नत करता है। सोशियोलॉजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. श्वेता ने कहा- स्वच्छता केवल बाहरी वातावरण की आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह हमारे विचारों और जीवनशैली में भी परिलक्षित होनी चाहिए। श्रमदान से हमें सहयोग, संवेदनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध होता है। डॉ. श्याम कुमार झा ने गाँधी जी के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा झ गाँधी जी का मानना था कि स्वच्छता, स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। हमें ऐसे आयोजनों को केवल एक दिन की गतिविधि न मानकर अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं प्रो. सुजीत चौधरी ने कहा - विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी यदि मिलकर नियमित रूप से श्रमदान करेंगे तो निश्चित ही यह परिसर और भी स्वच्छ, सुंदर तथा प्रेरणादायी बनेगा। कार्यक्रम के समापन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय समय-समय पर परिसर को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-मित्र बनाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। 'श्रमदान दिवस' भी इसी श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में आयोजित किया गया, जो विश्वविद्यालय की सतत पर्यावरणीय और सामाजिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# स्वच्छता पखवारा को लेकर डीएम ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 के बीच मनाये जाने वाला 'सेवा पर्व' के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा कराये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गयी जिसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी, कार्यपालक अभियंता, आरडीडी, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी / नगर पंचायत एवं नगर परिषद के द्वारा भाग लिया गया। उक्त बैठक में उपस्थित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों के द्वारा 'सेवा पर्व' के अवसर आयोजित कराये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी जिसको सफल बनाये जाने हेतु सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों यथा- प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग सभी आयोजित कार्यक्रमों में देने हेतु निदेशित किया गया। तत्पश्चात अपने-अपने विभागों के द्वारा आयोजित कराये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी। वन विभाग के वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास ने बताया गया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच मनाये जाने वाला सेवा पर्व के अवसर पर वन विभाग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों वृक्षारोपण, प्रभातफेरी तथा 25 सितम्बर से स्वच्छता अभियान एवं वन विभाग से संबधित प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वही मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा बताया गया कि मनाये जाने वाला सेवा पर्व के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा बताया गया कि सेवा पर्व के अवसर पर जिले में पंचायत स्तर पर निर्मित पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवनों के परिसर की साफ-सफाई एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम ने बताया कि सेवा पर्व के अवसर पर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चरणों में कार्यक्रम यथा-साफ-सफाई का कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, रोहतास के द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर सभी वार्डों में वार्डवार खराब चापाकलों की मरम्मती, पेयजलापूर्ति पाइपों के लीकेज आदि के मरम्मत का कार्यक्रम चलाया जायेगा।

# गृहमंत्री अमित शाह 18 को आएंगे डिहरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार वर्मा ने सभा स्थल कैनाल रोड स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब का जायजा लेने के बाद प्रेस वार्ता में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के सेवा पखवाड़ा की शुरुआत 18 सितंबर को डिहरी ऑन-सोन में करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पार्टी सेवा पखवाड़ा के तहत कई रचनात्मक कार्यक्रम करेगी। सेवा कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, रक्त जांच शिविर, स्वास्थ्य शिविर, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान और खादी को प्रोत्साहन देने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि सेवा ही समर्पण के तहत जीएसटी की कटौती से व्यापारी और आमजन को होने वाले लाभ समेत पीएम व सीएम नीतीश कुमार के संदेशों को जन-जन तक पहुंचयेगी। घर-घर जनसंपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में केंद्रीय व राज्य के मंत्री, प्रदेश से लेकर नगर इकाई तक के अधिकारी घर-घर संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन कल्याणकारी कार्यों का घर-घर जाकर जानकारी देंगे। मंत्री से लेकर पार्टी के जिला पदाधिकारी को मतदान केंद्र आवंटित भी किए गए हैं। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ भोला सिंह, प्रकाश गोस्वामी, अमित कुमार पटेल, अजय सिंह, प्यारेलाल ओझा समेत संगठन के कई नेता मौजूद थे।

# आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर एसएसटी एवं एफएसटी को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा स्टेटिक सर्विलेंस टीम एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम का प्रशिक्षण समाहरणालय रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में प्रत्येक विधान सभा में 24 गुणे 7 कार्य करने हेतु कुल 66 एसएसटी एवं 66 एफएसटी गठित की गयी है। एफएसटी अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से कार्यरत हो जायेगी। निर्वाचन आयोग द्वारा एसएसटी, एफएसटी गठित करने का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को सामान्य अवसर प्रदान करना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधान सभा में व्यय की अधिकतम राशि 40 लाख निर्धारित की गयी है जिससे अधिक नियमतः व्यय नहीं किया जा सकता है। परंतु कुछ अभ्यर्थियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गिफ्ट, तेल कूपन, नगद राशि, बहुमूल्य वस्तुएं दी जाती है जो न केवल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। बल्कि भ्रष्ट आचरण के श्रेणी में सम्मिलित है। एसएसटी एवं एफएसटी का मुख्य उद्देश्य अवैध धन के प्रयोग को रोकना एवं स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव संचालित करना है। प्रशिक्षण में उपस्थित एसएसटी, एफएसटी के पदाधिकारियों को इएसएमएस (एक्सपेंडिचर सेजूरर मैनेजमेंट सिस्टम) एवं सी-विजिल के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** विश्वकर्मा पूजा व दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बीडीओ रविरंजन व थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने की। बैठक में पूजा कमिटी के अध्यक्ष, सदस्य व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रविरंजन व थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि इस बार भी सरकार के नियमावली के तहत ही पूजा किया जाएगा। डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंधित है। पूजा कमिटी के लोग इस बात पर भड़क उठे। पुलिस प्रशासन से जवाब तलब करने लगे। लोगों ने कहा कि नेताओं की सभा व प्रोग्राम में डीजे बजाने पर कोई रोक नहीं लगाई, लेकिन पुलिस प्रशासन पूजा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाई जाती है। एक राज्य में दो पक्षीय नियम लगाकर सनातन धर्म से खिलवाड़ किया जा रहा है। बीडीओ व थानाध्यक्ष ने बैठक के दौरान विश्वकर्मा पूजा व दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी। पूजा कमिटी के अध्यक्षों को पूजा के लाइसेंस व पंडाल में बिजली कनेक्शन व अग्नि सामग्री यंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि पूजा-पाठ या जुलूस के दौरान सरकार के निर्देशानुसार डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# अत्याधुनिक सुविधा से लैस हुआ पी पी ऑफिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** मुकदमों में वाद दैनिकी को संबंधित थानों द्वारा ससमय न्यायालय में दाखिल करने एवं मुकदमों को त्वरित गति प्रदान करने हेतु पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा जिला व्यवहार न्यायालय में लोक अभियोजक कार्यालय को अत्याधुनिक सुविधा से लैस किया गया है। जानकारी देते हुए लोक अभियोजक उपेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को पी पी ऑफिस के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा अत्याधुनिक लेजर प्रिंटर मशीन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस दिया गया है जिससे मुकदमों के दौरान वाद दैनिकी,गवाहों को सम्मन, वारंट एवं अन्य कागजी पत्राचार को समाप्त करने एवं उनके निस्तारण में होने वाले विलंब को काफी हद तक दूर करने का प्रयास किया गया है।

# राकेश गोसाईं बने काराकाट थानाध्यक्ष, 21 थानाध्यक्ष किए गए पदस्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने 21 थाना में नये थानाध्यक्ष को पदास्थापित किया है। पुलिस निरीक्षक राकेश गोसाईं को डिहरी मुफस्सिल थाना से काराकाट थाना अध्यक्ष, पु.अ.नि. नितेश कुमार सासाराम नगर थाना से थानाध्यक्ष डिहरी मुफस्सिल, पु.अ.नि.रविरंजन प्रियदर्शी को विक्रमगंज थाना से थानाध्यक्ष दरिहट, पु.अ.नि.शिवम कुमार जिला नियंत्रण कक्ष पुलिस कार्यालय डिहरी से थानाध्यक्ष आयर कोठा, पु.अ.नि.अंशुमाला नोखा थाना से थानाध्यक्ष महिला थाना, पु.अ.नि. जितेंद्र कुमार, डालमियानगर थाना से थानाध्यक्ष अनु.जाति/अनुसूचित जाति थाना, पु.अ.नि.प्रियंका कुमारी गुप्ता पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष इन्द्रपुरी, पु.अ.नि. विवेक कुमार 1 पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष तिलौथू, पु.अ.नि.अमित कुमार पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष अमझोर थाना, पु.अ.नि.दिवाकर कुमार सासाराम मु. थाना से थानाध्यक्ष नौहट्टा थाना, पु.अ.नि.सर्वेस कुमार पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष यदुनाथपुर थाना, विजय बैठा कोचस थाना से थानाध्यक्ष भानस थाना, चन्दन कुमार भगत को पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष सूर्यपुरा थाना, पूनम कुमारी अमझोर थाना से थानाध्यक्ष संझौली थाना, मनीष कुमार पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष कच्छवां थाना, नितेश कुमार पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष कोचस थाना, आशुतोष कुमार को दिनारा थाना से थानाध्यक्ष करवंदिया थाना, रवि रंजन गुप्ता सासाराम नगर थाना से थानाध्यक्ष डालमियानगर थाना, संजय कुमार पासवान पुलिस केन्द्र डिहरी से थानाध्यक्ष बड़हरी थाना, करण कुमार यातायात थाना से थानाध्यक्ष बघेला थाना, सुशांत कुमार पुलिस केन्द्र डिहरी से ओपी प्रभारी सेमरा ओपी थाना में भेजा गया है।

# डीएम से मिला किसानों का प्रतिनिधिमंडल, मुआवजा की समस्याओं से कराया अवगत

## जिलाधिकारी ने किसानों की मांग पर आवश्यक कदम उठाए जाने का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि की मुआवजा की समस्याओं को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिलाधिकारी कैमूर से मुलाकात किया। किसानों का प्रतिनिधिमंडल विमलेश पांडेय अध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के नेतृत्व में अनिल सिंह अभिमन्यु सिंह कमला सिंह आदि सदस्य शामिल थे। जिलाधिकारी सुनील कुमार सिंह से मुलाकात कर किसानों ने मुआवजा नहीं मिलने पर चिंता जाहिर की। किसानों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल अनिल सिंह सचिव किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने कहा तीन महीने से किसानों ने कागजात जमा किया है। वैसे सभी किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला। विमलेश पांडेय ने कहा कई गांवों में भूमि दस्तावेज में बहुत गड़बड़ी है वहां कागजात सुधार करने के लिए अंचलाधिकारी को निर्देश दिया जाए। उन्होंने ने कहा जिस तेजी से किसानों की खड़ी धान फसल रौंदी गई उसी तरह तेजी से किसानों को मुआवजा दिया जाए। अध्यक्ष ने कहा किसानों के साथ कैमूर जिले में बहुत नाइंसाफी की जा रही है। उन्होंने ने कहा किसानों को बिना मुआवजा दिए जमीन पर एनएचएआई के द्वारा कब्जा किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन कैमूर अध्यक्ष ने कहा किसानों को एक महीने के अंदर मुआवजा का भुगतान नहीं किया जाएगा तो किसान भूमि पर पुनः कब्जा करने का प्रयास शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा किसानों के द्वारा नये सिरे से किसान आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। मुआवजा नहीं मिलने ट्रैक्टर मार्च के द्वारा जिला मुख्यालय को बंद कर दिया जाएगा। सुबह 11 बजे जिलाधिकारी से मुलाकात के लिए सैकड़ों किसान जिला मुख्यालय में जमा हो गए थे। जिलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किसानों के पांच प्रतिनिधिमंडल सदस्यों से मुलाकात किया। किसानों ने कहा जिलाधिकारी से मुलाकात सकारात्मक रहा। किसान टुनटुन सिंह ने कहा जिलाधिकारी से आगे धान की फसल रौंदने पर रोक लगाने की मांग की। पशुपति नाथ सिंह संजय सिंह प्रभात कुमार भुपेंद्र सिंह तिलेश्वर दुबे संजय पासवान पतियार राम नन्हे प्रताप सिंह आदि किसान उपस्थित थे।

# बेलाव थाना प्रभारी अनीश कुमार को दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** बेलाव थाना प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निवर्तमान थाना अध्यक्ष अनीश कुमार की विदाई के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी स्थानीय नागरिक एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। लोगों ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आम जनों से अनीश कुमार की प्रशंसा की। वही पुलिस कर्मियों ने कहा कि कंप्यूटर चलाने के बारे में सिखा है।

# ट्रेन से गिरे मोबाइल को आरपीएफ ने बरामद कर यात्री को किया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्री रौशन कुमार पिता ओम प्रकाश चौधरी साकिन कुझी, थाना-बघईला, जिला-रोहतास (बिहार) गाड़ी 12307 के साधारण कोच में गया से डिहरी ऑन-सोन तक यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान यात्री का मोबाइल गिर गया जिसकी सूचना रेसुब पोस्ट डिहरी ऑन-सोन को मिलने पर ड्यूटी में तैनात सउनि उपेंद्र कुमार साथ स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे ट्रैक को सर्च कर मोबाइल को बरामद कर सूचना उक्त यात्री को दिया गया।

# जन सुराज ने निकाली पदयात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** नगर पंचायत में जन सुराज पार्टी के द्वारा पदयात्रा निकाला गया। इस पदयात्रा में सैकड़ों लोग मौजूद रहे। पदयात्रा शहीद कृष्ण कांत पांडे के मूर्ति पर माला पहनाकर माल्यार्पण किया गया और आरंभ किया गया और चेनारी प्रखंड परिसर में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया और पदयात्रा रमेश तिवारी टाइगर के हाता में पहुंच कर वक्ताओं ने मंच से संबोधित किया। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के बारे में काफी चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने बताया कि जनसुराज की सरकार बनती है तो पलायन पर रोक लगाया जाएगा और शिक्षा में सुधार लाया जाएगा। वहीं सुनील रजक ने भी बताया कि अगर प्रशांत किशोर की सरकार बनती है तो गरीब बच्चों के लिए शिक्षा मुफ्त में दी जाएगी और गरीबों के हक के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। पलायन पर रोक लगाया जाएगा। बिहार में फैक्ट्री का निर्माण कराया जाएगा। ताकि बिहार के बच्चे दूसरे राज्य में पलायन न करे। मौके पर जनसुराज के नेता रमेश तिवारी टाइगर, नेहा नटराज, संगीता पासवान, पूनम कुमारी, सुनील रजक, अब्दुस आलम, विजय शंकर तिवारी सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा 822112**
email : govitijhagratand@gmail.com

**प्रथम एवं द्वितीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर Spot Round Admission हेतु सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

विभागीय सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में सत्र 2025–26–27 में प्रथम एवं द्वितीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु Spot Round Admission में उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों से जिन्होंने Online Form भरा है परंतु अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यर्थी **दिनांक 15 सितंबर से 30 सितंबर को शाम 5.00 बजे** तक **पहले आवो पहले पावो के आधार** पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थी को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक / 10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल / औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

| Sl. No. | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Govt. ITI, Jhagratand, Garhwa | Electrician Fitter<br>Mechanic Diesel<br>Welder | Govt. ITI, Jhagratand. Garhwa | 9709259437<br>8210089235 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
झगड़ाटाँड़ ,गढ़वा

PR 361976 (Labour Employment and Traning)25-26*D


# अनुसंधान को लेकर नारायण कृषि विज्ञान संस्थान ने प्राइवेट सेक्टर से किया समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** कृषि क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान ने पटना स्थित सरविन एग्रो केमिकल्स प्रा. लि. कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किया है।

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों एवं किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, उर्वरकों एवं कीटनाशक प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत सरविन एग्रो केमिकल्स प्रा. लि. तकनीकी सहयोग, इंटर्नशिप के रूप में छात्रों को प्रशिक्षण एवं इच्छुक छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही इससे छात्रों में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता करने के अवसर भी मिलेंगे। ये समझौता छात्रों को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करेगा। एमओयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम के सिंह, कुलसचिव प्रो. धर्मेंद्र कुमार, कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस एस सिंह, निदेशक प्रो. एच के सिंह, प्राध्यापक डॉ. संदीप कुमार मौर्या एवं डॉ. मोहम्मद हाशिम के उपस्थिति में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि इस तरह के प्रशिक्षण से अकादमिक-औद्योगिक सहयोग कृषि शिक्षा को व्यवहारिक आयाम देगा और छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने में सहायक होगा।

# जवाहरलाल नेहरू कालेज में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में सोमवार को हिंदी दिवस के मौके पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्वरचित कविता प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रो डॉ शालेंद्र कुमार ओझा के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह का मंच संचालन मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो कन्हैया सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो डॉ रमेश चंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के प्रो अरुण पांडेय उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया जिसके बाद से यह तीन हर वर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य ने बताया कि हिंदी को राष्ट्रभाषा की दर्जा मिलनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर के की गई उसके बाद सभी अतिथियों की अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सलोनी सिंह प्रथम साक्षी गुप्ता द्वितीय वी फिजिक्स ऑनर्स की रंजनी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया है। वही वाद-विवाद प्रतियोगिता में कृष राज प्रथम, सलोनी सिंह द्वितीय व सोनाली कुमारी तृतीय जबकि स्वरचित कविता प्रतियोगिता में स्नेहा राय प्रथम, मानसी पांडेय द्वितीय व संजीव कुमार तृतीय घोषित किए गए। सभी को पुरस्कृत किया गया।

# गांवों के किसानों को आत्मनिर्भर बनाना होगा : लोक समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रोहतास जिला लोक समिति एवं वर्मा वृक्षा जन्म नरेश विचारमंच के संयुक्त तत्वावधान में नोखा प्रखंड के बलिगावां गांव में एक किसान सम्मेलन सह जागरण सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक गयानन्द सिंह तथा संचालन संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुखदेव प्रसाद वर्मा, राम वृक्ष सिंह, रामजन्म सिंह एवं राम नरेश सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पाजंलि अर्पित कर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस समय पूरा देश संकट के दौर से गुजर रहा है। हमारी सरकार हमारा संविधान एवं लोकतंत्र के साथ-साथ गांधी, लोहिया अम्बेडकर तथा सामाजिक न्याय एवं समाजवादी विचार को कमजोर कर रही है। इससे इस देश के गरीब, दलित, शोषित, पीड़ित, आदिवासी किसान - मजदूर, बर्बाद हो जायेंगे। बलिगावां गांव के चारों महापुरुष वर्मा, वृक्षा, जन्म, नरेश बहुत संघर्ष करके सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक मुकाम तक आगे बढ़ाए थे। आज हमारे गांव की महापुरुषों की विचार धारा लुप्त होती नजर आ रही है। इसे बचाने की जरूरत है। बिहार के किसान बाढ़ और सूखा से परेशान हैं। वक्ताओं ने कहा कि गांवों और किसानों को आत्म निर्भर बनाकर ही गांधीजी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना की जा सकती है। ग्रामीणों के बीच सही दिशा में जागरण पैदाकर शराबबंदी, अंधविश्वास, ब्राह्मणवाद, जात-पात छुआछूत एवं तिलक-दहेज को समाप्त किया जा सकता है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**भर्ती कैम्प सूचना**

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 19 / 09 / 2025 दिन शुक्रवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. | SFO | 100 | $10^{th}$ | 18-28 | 12,770/- + Incentive | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 2 | ASK HR Solution :- Modern Automotive Ltd. | Machine Operator | 50 | $10^{th}$ & ITI | 18-35 | 24,752/- | Sirhind, Near Ambala, Punjab |
| | | Associate | 50 | $12^{th}$ & ITI | 18-35 | 25,792/- | |
| | | Associate | 50 | $12^{th}$ & Diploma | 18-35 | 28,000/- | |
| 3 | Aatmasamman Foundation | Packer | 20 | $10^{th}$ | 18-30 | 20,000/- | Banglore |
| 4 | SIS Ltd. Belchampa, Garhwa | Sec. Guard | 100 | $10^{th}$ | 19-40 | 14000-27000/- | All India |
| | | SISCO/ SLV | 50 | $10^{th}$ | 18-45 | 14000-27000/- | |
| | | D.H. | 50 | $10^{th}$ | 18-45 | 14000-27000/- | |

जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

नोट :– रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 362052 District (25-26)_D

# मोरहर नदी पर पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ

## दो प्रखंडों को जोड़ने वाला है यह पुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना समेत विभिन्न योजनाओं के तहत सोमवार को मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन में एमएलसी रविंद्र सिंह ने शिलान्यास किया है। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत मोरहर नदी पर पुनपुन प्रखंड के मरांची एवं मसौढी प्रखंड के कृमदीचक गांव को जोड़ने वाली सड़क पर पुल निर्माण, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत धनरूआ प्रखंड के आरडब्ल्यूडी रोड मरांची-मोहम्मदपुर के बीच मोरहर नदी पर पूर्व में बने जर्जर पुल का उच्च स्तरीय निर्माण समेत कई जगहों पर शिलान्यास किया गया। ऐसे में मौके पर जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम रजक ने कहा कि पुनपुन प्रखंड के निर्वाणचक ग्राम तथा मसौढ़ी प्रखंड के क्रीमदीचक ग्राम को जोड़ने वाली सड़क पर मोरहर नदी पर पुल शिलान्यास कार्य का कार्यारंभ बिहार विधान परिषद सदस्य रवीन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया। यह पुल लंबे समय से स्थानीय जनता की एक महत्वपूर्ण मांग रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में लगातार सुधार हुआ है। विकास की यही निरंतरता बिहार को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दिन-प्रतिदिन बिहार विकास की ऊँचाइयों को छू रहा है और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंहस पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष अनिल सहनी, ओम सिंह, राजू रजक, मनीष कुमार, मसौढी मे जदयू ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, (जिला मीडिया प्रभारी) वहीं धनरूआ में जदयू प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश ललना आजाद सहित अनेक गणमान्य नेतागण, कार्यकर्तागण एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही।




# एयर फोर्स कर्मी के बंद घर का ताला तोड़कर 15 लाख की संपत्ति उड़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** बेखौफ चोरों ने बीते रात शाहपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी डीपीएस स्कूल के पास एयर फॉर्स कर्मी के बंद घर का ताला तोडकर करीब 15 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है। चोरों ने आराम से सारे कमरे को खंगाला दिया है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है। इस संबंध में एयर फॉर्स कर्मी का भाई धीरज कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध लिखित शिकायत किया है. धीरज कुमार ने बताया कि मेरे दो भाई एयर फॉर्स में कार्यरत है. पिताजी का हार्ट की बीमारी है. जिसके कारण वह और मां एक भाई के पास दिल्ली में साथ रहते है. 5 सितंबर को भाई ने फोन कर बताया कि पिताजी का तबीयत ज्यादा खराब है उनको अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 5 सिंतबर को घर में ताला बंद कर दिल्ली के लिए रवाना हो गया और गर्भवती पत्नी को दानापुर स्थित मायके भेज दिया था. पापा के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद दिल्ली से अपने घर 14 सिंतबर को शाम में वापस पहुंचे. जब घर का ताला खोल अंदर गया तो देखकर दंग रह गया. सारा कमरे में सारा सामान बिखरे पडे हुए थे. मेरे और मेरी भाभी के कमरे का दरवाजे का ताला टूटा हुआ था. जब कमरे में जाकर देखा तो कमरे में सारा सामान बिखरे पडा हुआ था. चोरों ने मेरे और मेरी भाभी के कमरे के अंदर रखे गोदरेज को तोड़कर उसमें रखे सारे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये थे. चोरों ने दोनों गोदरेज में रखे तीन मंगलसूत्र, दो सोने का हार, तीन सोने का चेन, दो सोने का झुमका का सेट चोरी कर ले गए. जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए है। घटना की सूचना डायल 112 के साथ ही शाहपुर पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन करने में जुट गई. बता दे कि पिछले तीन दिनों पूर्व ही नरगदा में दिन दहाडे बदमाशों ने छात्रा को घर में बंधक बनाकर लूटपाट का अंजाम दिया था।

## पेज 1 का शेष

### बिहार को राजद

दीदी बन रही हैं। श्री मोदी ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद के लोग सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं। मोदी के लिए आप सब ही मोदी का परिवार हैं। इसलिए मोदी कहता है, सबका साथ-सबका विकास। ये लोग क्या कहते हैं। अपने परिवार का साथ, अपने परिवार का विकास। पीएम ने कहा कि इस साल दिवाली और छठ से पहले हमारी सरकार ने बड़ा उपहार दिया है। आज से ठीक 7 दिन बाद नवरात्र के पहले दिन 22 सितंबर से देश में जीएसटी एकदम कम हो जाएगी। आपकी रोजमर्रा के जरूरत की चीजों पर जीएसटी कम की गई है। इससे माताओं-बहनों का रसोई का खर्च बहुत कम होने वाला है। श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास के लिए बिहार का विकास जरूरी है। बिहार के विकास के लिए पूर्णिया और सीमांचल का विकास जरूरी है। राजद-कांग्रेस के कुशासन का सबसे ज्यादा नुकसान सीमांचल को उठाना पड़ा है। बिहार की डबल इंजन की सरकार किसानों की आय बढ़ाने का काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि राजद-कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन लो। जो भी घुसपैठिया है उसे बाहर जाना ही होगा। घुसपैठ पर ताला लगाना एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। जो नेता घुसपैठियों को बचाने के लिए खड़े हैं, वो सामने आ जाएं। चुनौती देता हूं आप उनकी ढाल बनिए मैं उन्हें बाहर निकालकर रहूंगा। भारत में भारत का कानून चलेगा। श्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज 40 हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इससे बिहार को नई उड़ान मिलेगी। लोगों को नए घरों की चाबी दी गई है। हमारी सरकार ने पिछले 11 साल में 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब हम 3 करोड़ घर बनाने का काम कर रहे हैं। जब तक हर गरीब को घर नहीं मिलता मोदी रुकने वाला नहीं है।

## एक नजर

### स्टेशन रोड को किया गया वनवे

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के स्टेशन रोड में लग रहे भीषण जाम को समाप्त करने के लिए पुलिस ने इस वन वे बना दिया है। अब स्टेशन से यात्री वाहन भुनेश्वरी चौक की तरफ आने की व्यवस्था की गई है ।वहीं चौक से स्टेशन की तरफ जाने वाले वाहनों को रोक कर चर्च रोड से परिचालन करने का निर्देश दिया गया है ।व्यवस्था शुरू कर दी गई है। लोगों का कहना है कि इससे स्टेशन रोड में चलने वाले लोगों को काफी राहत मिल गई है ।लेकिन अवैध कब्जा को हटाने को लेकर प्रशासन ने अभियान नहीं चलाया है।

### अधिकारियों के निर्देश के बाद निर्माण कार्य शुरू

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बन रहे अत्याधुनिक भवन का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा फिर शुरू कर दिया गया है। कई दिनों से काम बंद था ।योजना काफी विलंब से चल रही है। पिछले दिनों आए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के द्वारा निर्माण एजेंसी को चेतावनी दी गई थी। इसके बाद काम को शुरू कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार दिसंबर 25 तक काम खत्म करने को कहा गया है। राशि भी रिलीज कर दिया गया है।

### अवैध वेंडर को पकड़ने का अभियान शुरू

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ रेलवे स्टेशन पर शनिवार की देर रात को जीआरपी टीम ने प्लेटफार्म संख्या 1, 2 और 3 पर अवैध वेंडर को पकड़ने का अभियान चलाया। इस दौरान कई वेंडर पकड़े गए। पुलिस यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चलती ट्रेन में सामान बेचने वाले वेंडर पर नजर रख रही है।

### बसपा के राष्ट्रीय संयोजक का स्वागत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में बहुजन समाज पार्टी की सर्वजन हिताय जागरूक यात्रा के दौरान मसौढी के नदौल मे बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकश आनंद का भब्य स्वागत हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ यात्रा का स्वागत किया और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा की इस उमड़ते जनसैलाब ने साफ संकेत दिया कि बहुजन समाज पार्टी बिहार में अपनी मजबूत पकड़ बना रही है। जनता का यह अपार समर्थन बताता है कि पार्टी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है और इसका सीधा असर आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। यह यात्रा न केवल संगठन की मजबूती का परिचायक बनी, बल्कि लोगों में सामाजिक न्याय और बदलाव का नया विश्वास भी जगाने में सफल रही। रामजी गौतम राज्यसभा सांसद, नेशनल कोऑर्डिनेटर,अनिल कुमार चौधरी, केंद्रीय प्रभारी, ई0 सुरेश राव केंद्रीय प्रभारी, शंकर महतो प्रदेशअध्यक्ष, चितरंजन कुमार, रविरंजन भारती, राजी रविदास, कृष्ण दास, वीरेंद्र बिंद, गंगा विष्णु दास आदि शामिल रहे।

# अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर सेल्समैन से नगदी व बाइक लूटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे-22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां पुल से तेतरी जाने वाले रास्ते में दिनदहाड़े बाईक पर सवार छह नाकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने एक आयुर्वेद कंपनी में सेल्समैन के रूप में काम करने वाले कर्मचारी को पहले हाथ देकर गाड़ी रुकवाया उसके बाद पिस्टल कनपटी पर सटाकर उससे 16 हजार रुपए नगद, फोन और उसकी अपाची बाइक लूट कर ले भागे। यह घटना सोमवार की दोपहर को है, जब वह पटना से मसौढ़ी आ रहा था, उसे वक्त लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित का नाम राहुल कुमार पिता महेंद्र मोची जो धनरूआ थाना क्षेत्र के कैली गांव का रहने वाला है, घटना के बाद पीडित ने धनरूआ थाने पहुंच कर अज्ञात के खिलाफ धनरूआ थाने में पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, नदवां पुल से तेतरी जाने वाले रास्ते में एनएच 22 पर यह घटना घटी है। आसपास के लोगों से यह पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा फोरलेन पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य दुकानों में लगे हुए सीसीटीवी को भी एकत्रित किया जा रहा है और पूरे मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

# चहारदीवारी निर्माण के नाम पर पुराने पिलर और बीम पर उठा दी दिवाल

## स्थानीय लोगों ने अनियमितता का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** एक तरफ सरकार हर सरकारी योजनाओं के निर्माण कार्य में क्वालिटी और क्वांटिटी में कोई कंप्रमाइज नहीं करने का दावा करती है। लेकिन कई जगहों पर संवेदक के द्वारा किए गए कार्य में हुए करामाती पर सवाल उठना लाजिमी हो जाता है। मामला मसौढ़ी मुख्यालय के सतीस्थान स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेकसरिया विद्यालय के चल रहे चाहरदिवारी निर्माण कार्य की है। जहां पहले से जो दीवाल थी उसका नीचे का बीम और पिलर को छोड़कर सिर्फ ईंट निकालकर फिर से नए सिरे से ईंट लगा दी गई है, तो ऐसे में यह किस काम की चाहरदीवारी बनी है, यह लोगों को समझ में नहीं आ रहा है। जदयू के जिला सचिव लालमोहन सिंह ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए जिला प्रशासन से जांच की मांग की है कि विद्यालय के चहारदिवारी में किस तरह का काम होना था और क्या काम हुआ है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य से बात की गई तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है। इसके साथ ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर को भी इस बारे में कुछ पता नहीं है। बहरहाल ऐसे मे सवाल उठना लाजमी है कि जिस विद्यालय में चहारदिवारी हो रही है उसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कोई जानकारी नही है इसका क्या मतलब हो सकता है। सेकसरीया विद्यालय में हुए चारदिवारी पर चर्चाएं जोरों पर हैं और कई सवाल भी खड़े कर रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों में संजय सिंह, विनय सिंह, सुरेश सिंह, पिंकू कुमार समेत कई लोगों ने चाहरदीवारी निर्माण कार्य मे अनियमितता मामले की जांच कराने की मांग की है।



# रिलांयस डिजिटल स्टोर में चोरी मामले में एक चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान भी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** पिछले 13 सिंतबर को थाने के सगुना मोड़ स्थित रिलायंस डिजिटल स्टोर में चोरी मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के लालगंज सेहरा निवासी सूरज कुमार साव के रूप में की गई। वर्तमान में आरोपी पटना के परसा थाना क्षेत्र में किराये में रहता है जो उसी स्टोर का कर्मी है। पुलिस ने गिरफ्तार सूरज के पास से 3 पीस लैपटॉप, चार्जर, एक आई फोन, एक वन प्लस टैब, एक पावर बैंक, एक जेबीएल का ईयर बग के साथ ही चोरी की अन्य समान बरामद की है। सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह सोमवार को पत्रकारों को बताया कि थाने के सगुना मोड स्थित रिलायंस डिजिटल स्टोर में चोरी हुई थी. स्टोर के मैनेजर सूचित कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया था. सिटी एसपी ने बताया कि सगुना मोड एक अति व्यस्त एरिया है और वहां चोरी होना बहुत बड़ी घटना थी. मामले को गंभीरता लेते हुए एक टीम का गठन किया गया। टेक्निकल टीम के साथ थानाध्यक्ष की टीम ने साक्ष्य के आधार पर मामले का उद्भेदन किया है. चोरी मामले में संलिप्त सूरज कुमार साव को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो चोरी की बात स्वीकार की। इसके पास से स्टोर से चोरी की गई सामान की बरामदगी भी की गई है. गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मसौढ़ी में पंचायत स्तरीय स्वच्छता सेवा पखवारा का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वच्छता ही सेवा के थीम पर इस बार पंचायत स्तर पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को मसौढ़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में सभी पंचायत के पंचायत सचिव, पर्यवेक्षक पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर तैयारी की समीक्षा की गई जहां आगामी 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हर पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जहाँ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता पखवाड़े मनाए जायेंगे। जिसमें कचरा प्रबंधन, जन-जागरूकता, स्वास्थ्य जांच और सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया जाना है। इन कार्यक्रमों में प्रखंड स्तरीय अधिकारी और स्वच्छता कर्मी भाग लेगें तथा विभिन्न गतिविधियों जैसे घर-घर कचरा उठाव, डंपिंग यार्ड की सफाई और टिकाऊ स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जायेंगे। स्वच्छता पखवाड़े का उद्देश्य और गतिविधियां जनभागीदारी बढ़ाना है। लोगों को स्वच्छता से जोड़ना, स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता, संस्कार-संस्कृति तथा आत्मसम्मान की भाषा : डा. चौरसिया

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** भारत विकास परिषद् की भारती- मंडन शाखा, दरभंगा तथा जन सुराज, दरभंगा के संयुक्त तत्त्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय समारोह का आयोजन आकाशवाणी रोड स्थित महाराजा होटल में किया गया। लोकचिकित्सा डॉ महेन्द्र लाल दास की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह का शुभारंभ भारत विकास परिषद्, दरभंगा के अध्यक्ष अनिल कुमार ने किया, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में परिषद् की भारती- मंडन शाखा के सचिव डॉ आर एन चौरसिया ने हिन्दी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। जन सुराज पार्टी की ओर से दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी डॉ जगत नारायण नायक के स्वागत एवं संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मारवाड़ी कॉलेज के बर्सर डॉ अवधेश प्रसाद यादव तथा एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा की प्राध्यापिका डॉ अंजू कुमारी आदि ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखें, जबकि परिषद् के पूर्व सचिव दिलीप कुमार महासेठ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मुख्य वक्ता डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि हिन्दी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। यह हमारी राष्ट्रीय एकता, संस्कार-संस्कृति तथा आत्मसम्मान की भाषा है। इससे आमलोगों तक सीधा एवं प्रभावी संवाद स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी में भाषण देकर विश्व स्तर पर हिन्दी की पहचान को सशक्त बनाया। वहीं ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक वैश्विक मंचों पर हिन्दी में वक्तव्य देकर इसे अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाया। परिषद् की महिला संयोजिका डॉ अंजू कुमारी ने कहा कि संविधान सभा द्वारा हिन्दी को भारत की आधिकारिक राजभाषा के रूप में 14 सितंबर, 1949 को स्वीकार किया गया था। यह केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हम सब की पहचान तथा विचारों एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। परिषद् के उपाध्यक्ष डॉ अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि हिन्दी किसी भी क्षेत्रीय भाषा का विरोधी नहीं, बल्कि यह सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक है। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ महेन्द्र लाल दास ने कहा कि हिन्दी में सहजता एवं सरलता पूर्ण भाषा है, जिसमें मौलिकता के साथ ही समग्रता भी है। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से, जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ।




# एएसपी ने मसौढ़ी थाना का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सहायक पुलिस अधीक्षक, मसौढ़ी-01 कोमल मीणा के द्वारा मसौढ़ी थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, एएट्ठगट्ठ, सिरिस्ता कार्यों तथा कांडों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई एवं कार्यों/अनुसंधान के समय पर निष्पादन को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी पदाधिकारी को लंबित कांडों की जल्द से जल्द निष्पादन करने, वारंट को तमिल कराने के साथ-साथ फरार अपराधियों को विभिन्न केसेस में गिरफ्तारी करने की निर्देश दिए




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/697, दिनांक 12.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3388, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन बाली गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 54,37,644/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,08,800/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3389, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत हरिनसिंग गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 73,43,890/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,46,900/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3379, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन तारकेश्वर गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 44,99,275/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 90,000/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 4, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3452-आर, कार्य का नाम :** "हावड़ा मंडल के तहत हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) (14 अदद) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,31,555/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 4,600/-, **पूर्णता अवधिः** 60 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) और दिनांक 09.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 3 एवं 4 प्रत्येक के लिए)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-295/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# दो लाख के जेवरात समेत हजार नगदी की चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपए की चोरी की है जहाँ घटना मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना डीह मुशहरी मोहल्ले की है जहां बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण व नगदी चोरी कर ली है। इस मामले में पीड़ित कविता कुमारी पति बृजलाल कुमार तारेगना डीह के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर बताया गया कि दिनांक 13 सितंबर की दोपहर अपने घर में ताला लगाकर अपने ससुराल किशनगंज चले गए थे उसके बाद दिनांक 15 की सुबह आए तो देखा बैग को खोलकर उसमें रखे सोने की आभूषण सहित अन्य सामानों की चोरी हुई है।

# हिंदी नदियों की अविरल धारा की तरह, इसका किसी अन्य भाषा से कोई बैर नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** आज मिल्लज कॉलेज के आई.क्यू.ए.सी. सेल के तत्वावधान में हिन्दी विभाग के द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह की अध्यक्षता में मिल्लत व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'हिन्दी साहित्य में दलित विमर्श : स्वानुभूति बनाम सहानुभूति' विषय पर जे एन. कॉलेज नेहरा के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. विक्रम कुमार के द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के प्रारंभ में प्रधानाचार्य डॉक्टर सिंह ने हिन्दी भाषा की विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होने अमीर खुसरो को हिन्दी का पहला कवि बताते हुए हिन्दी में देशज शब्दों को ज्यादा से ज्यादा अपनाने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिन्दी का व्याकरण संस्कृत से लिया गया है। उन्होंने भाषायी विस्तार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी का किसी अन्य भाषा के साथ कोई बैर नहीं है तथा यह नदियों की अविरल धारा की तरह निरंतर आगे बढ़ रही है। विशिष्ट वक्ता डॉ विक्रम कुमार ने ओम प्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' का जिक्र करते हुए दलित विमर्श पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि दलितों के लिए स्वानुभूति के साथ साथ सहानुभूति भी जरूरी है। इसलिए ब्राह्मण और दलित के बीच के विवादों की अपेक्षा हमें आपस में संवाद करते हुए 17 करोड़ दलितों के विकास की बात करना चाहिए। तभी देश के विकास में दलितों का योगदान संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को अपने मन से जातीय भाव को हटाकर एक दूसरे को गले लगाने की आवश्यकता है। पूर्व प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर इफ्तेखार अहमद ने हिन्दी की लोकप्रियता एवं इसकी जन सुलभता पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि हिन्दी को उर्दू वालों ने सहज रूप से अपनाया है। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. महेश चंद्र मिश्रा ने हिन्दी दिवस मनाए जाने के संवैधानिक कारणों की चर्चा करते हुए कहा कि आज राजभाषा हिन्दी का विस्तार पूरे देश में दिखाई देता है। उर्दू विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शाहनवाज आलम ने हिन्दी साहित्य में दलित विमर्श की विपुल संपदा का जिक्र करते हुए उन्होंने प्रेमचंद के लघु कहानियों में दलित चेतना का विस्तार एवं विमर्श को उपस्थापित किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. मुन्ना साह ने विशिष्ट वक्ता डॉ विक्रम कमार का परिचय देते हुए हिन्दी दिवस की महत्ता को रेखांकित किया। इस पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया। उन्होने शब्द ब्रह्म की परिकल्पना एवं शब्द ही संसार है की युक्ति को रेखांकित करते हुए भाषा के गांभीर्य को स्थापित किया। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. सियाराम प्रसाद ने किया। पूरे कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए जंतु विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. सोमारानी कोले, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर मुदस्सीर हसन भट्ट, राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जमशेद आलम, फारसी के विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुस सलाम जिलानी एवं सहायक प्रध्यापिका नाहिद जेहरा, उर्दू के सहायक प्राध्यापक डॉ जावेद अखतर, मैथिली के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर विजय शंकर पंडित, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष कुमार, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. संजील और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# चुनाव को लेकर बनाएं ठोस कार्य योजना : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जिला अंतर्गत विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य की सुचिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसियों को परस्पर समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन, अवैध शराब, नकदी एवं अन्य प्रलोभन सामग्रियों की रोकथाम, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा उड़नदस्ता दलों की सतत सक्रियता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों को पूर्ण सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार आदर्श आचार संहिता की अवधि में जब्त की गई नकदी एवं सामग्रियों का अद्यतन विवरण चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली ऐप पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इस कार्य के लिए प्रत्येक प्रवर्तन एजेंसी के नोडल पदाधिकारी जिम्मेदार रहेंगे। जिला आइटी प्रबंधक द्वारा इस संबंध में नोडल पदाधिकारियों को बिंदुवार प्रशिक्षण देकर उन्हें इस प्रक्रिया से भली-भांति अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य की सीमा से सटे औरंगाबाद जिले में कुल 11 चेक पोस्ट कार्यरत हैं। इनमें से चार मद्य निषेध विभाग के चेक पोस्ट हैं। आगामी चुनाव के दौरान इन चार मद्य निषेध विभाग के चेक पोस्टों को मल्टी-एजेंसी चेक पोस्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पुलिस बल के साथ-साथ परिवहन विभाग एवं वन विभाग के कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि सीमा से जिले में नकदी, शराब अथवा अन्य अवैध सामग्रियों की आवाजाही पर कड़ी रोक लगाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि चेक पोस्टों पर आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। वाहनों की गहन जांच, रात्रिकालीन निगरानी तथा खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान पर विशेष बल दिया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गत विधानसभा चुनाव के दौरान जब्त नकद राशि एवं सामग्रियों का रूट चार्ट के माध्यम से विश्लेषण किया तथा उससे प्राप्त अनुभवों के आधार पर आगामी चुनाव के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने हेतु कहा गया कि वे समय-समय पर अपनी कार्रवाई की अद्यतन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकतानुसार समन्वय बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, मद्य निषेध अधीक्षक, परिवहन विभाग के वरीय पदाधिकारी, वाणिज्य कर विभाग के प्रतिनिधि, आइटी प्रबंधक सहित अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने किया 'बूथ नहीं तो वोट नहीं' का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ग्रामीणों ने 'बूथ नहीं तो वोट नहीं' का ऐलान किया है। इस संबध में ग्रामीणों ने कुटुंबा बीडीओ को आवेदन दिया है। मामला अंबा थाना क्षेत्र में तेलहारा पंचायत के प्राथमिक स्कूल समहुता की है, जहां इस बार मतदान केंद्र नहीं बनाएं जाने से नाराज ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले प्रखंड स्तर के अधिकारियों को आवेदन दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब डीएम को आवेदन देने जाएंगे। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो इस बार वोट नहीं देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि बूथ संख्या 145 मध्य विद्यालय तेलहारा पश्चिम भाग में मतदाताओं की संख्या 853 है। इनमें 510 मतदाता समहुता गांव के हैं। गांव से मिडिल स्कूल तेलहारा की दूरी तकरीबन 5 किलोमीटर है, जबकि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बूथ की दूरी 2 किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिक दूरी होने के कारण महिलाएं और बुजुर्ग वोटिंग करने से वंचित रह जाते हैं। इस बार गांव के प्राथमिक विद्यालय में बूथ नहीं बनाया गया तो हम सभी वोट बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। ग्रामीणों के मुताबिक पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह को भी आवेदन दिया गया था। उन्होंने इस संबंध में डीएम को पत्र भी लिखा था। मीडिया में प्रमुखता से इस खबर को दिखाया गया था। जांच करने प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार गांव पहुंचे थे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं हुआ। इस दौरान ग्रामीण नीरज कुमार, सोनू कुमार सिंह, मनीष कुमार, शीला देवी, रणजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# कालाबाजारी के लिए ले जा रहा चावल जब्त, जांच में जुटे अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गोह(औरंगाबाद)।** बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटिया पंचायत के घोंटा गांव से पुलिस ने कालाबाजारी के लिए ले जा जा रहा दर्जनों बोरा चावल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार बंदेया पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कालाबाजारी को लेकर घोंटा जनवितरण प्रणाली केंद्र के गोदाम से लगभग 50 बोरा चावल एक ब्लू रंग के ट्रैक्टर पर लादकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने पीछा करते हुए उक्त ट्रैक्टर को बेतुला गांव के समीप पकड़ लिया। जब्त चावल डीलर राजू कुमार का बताया जा रहा है। वहीं सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन से बात की गई तो उन्होंने बताया प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा मामले में छानबीन करने की बात कही गयी है।

# आधुनिक भारत के निर्माण में अभियंताओं की भूमिका अहम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सम्राट अशोक सभागार में अभियंता दिवस के अवसर पर जिला अभियंता संघ की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ई. अर्जुन प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत आइएएस प्रमोद कुमार सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता एवं ई. सुबोध कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अभियंताओं ने भारत रत्न डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ई. अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि अभियंता दिवस का यह आयोजन न केवल अभियंताओं के सम्मान का प्रतीक बना बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता रहा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने जो कार्य किए, उसे आज भी याद किया जाता है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्रों को लगन, मेहनत व अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने के टिप्स दिये। साथ ही इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित भी किया। सेवानिवृत आइएएस प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को अपनी क्षमता व ज्ञान का उपयोग देश सेवा में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के अभियंता नवाचार, समस्या-समाधान, राष्ट्र निर्माण व भविष्य के निर्माता के रूप में कार्य कर रहे हैं। नगर परिषद अध्यक्ष

**अभियंता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन**



उदय गुप्ता ने कहा कि देश के विकास में अभियंताओं का अहम योगदान रहा है। सभी को सामूहिक प्रयास कर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना है। इसके लिए अपने आदर्श अभियंताओं से सीख लेने की जरूरत है। ई. सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका हमेशा अहम रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी कई दशक पुराने निर्माण मजबूत हैं जबकि हाल के कई स्ट्रक्चर कमजोर साबित हो रहे हैं। इंजीनियरों को टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। अन्य आगत अतिथियों ने भी भारत रत्न डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों व उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। इस अवसर पर अरविंद कुमार, अशोक कुमार, राजेश कुमार, नवल किशोर कुमार, सोनू कुमार, राघव प्रसाद, आरिफ अनवर, शैलेंद्र मोहन तिवारी, अमित कुमार, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, नारायण कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, महेंद्र पांडे, श्रवण चौरसिया, धीरेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# जन सुराज पार्टी ने किया चुनावी शंखनाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ओबरा प्रखंड के पुनपुन नदी के तट पर स्थित शहीद जगतपति स्मारक, डा. कृष्ण सिंह स्मारक, जगदेव प्रसाद स्मारक, संत पदारथ स्मारक एवं महथू संत रैदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही ओबरा विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में बिहार बदलाव यात्रा कार्यक्रम शुरू किया जो अनवरत 21 सितंबर तक चलेगा। बिहार प्रदेश चुनाव अभियान समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने कहा कि बिहार में बदलाव का एक विकल्प जन सुराज पार्टी ही है। वर्तमान राजनीतिक स्थिति से बिहार की जनता ऊब चुकी है। लालू, नीतीश, भाजपा की सरकारों ने बिहार का कोई भला नहीं किया। 15 वर्षों के लालू-राबड़ी के कुशासन और पिछले 20 वर्षों से नीतीश कुमार और भाजपा शासन में बिहार काफी पीछे चला गया है। जन सुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी अभिमन्यु शर्मा, नंदकिशोर यादव, जन सुराज पार्टी नेता कृष्णकांत शर्मा, कमलेश कुमार विकल ने कहा कि बदहाल बिहार को खुशहाल और विकसित बनाने के लिए जन सुराज पार्टी के संस्थापक और सूत्रधार प्रशांत किशोर को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे अनेक कार्यकलापों और गतिविधियों की तेज गति को ले समर्थन करे। यह बदलाव यात्रा ओबरा, सरसौली, सोनहुली, बेल, करसांव आदि विभिन्न गावों में जाकर जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। मौके पर जन सुराज पार्टी के नेता अजीत कुमार, कुमार राजेश, कौशल किशोर पाण्डेय, जिला चुनाव प्रभारी अरमान खान, जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, सुबोध शर्मा, शशिकांत सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शांतिपूर्ण चुनाव कराने में पुलिस की भूमिका अहम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अक्टूबर-नवंबर के महीने में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी के मद्देनजर नगर भवन में पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में दाउदनगर एवं औरंगाबाद अनुमंडल के कुल 90 पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन संबंधी कार्यों एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता उपेन्द्र पंडित ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमलोग चुनाव के बेहद करीब पहुंच गए हैं। बीते दिनों से आप सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ कार्य कर मतदान केंद्र संबंधित कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कई पुलिस पदाधिकारी एसएसटी, वीएसटी, एफएसटी, वीवीटी, एटी आदि में भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। आज के प्रशिक्षण में विशेष रूप से मतदान दिवस से संबंधित कार्यों की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव ने कहा कि किसी भी निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न कराने में पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

